दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



देश की शान पहचान ......
गाओ वंदे मातरम्

वर्ष : 12 | अंक : 33 | लखनऊ, 24 जनवरी ,शनिवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### पुणे में कार ने बच्चे को कुचला, मौत




पुणे। महाराष्ट्र के पुणे स्थित लोनी काल्भोर में शुक्रवार को एक रिहाइशी सोसाइटी में कार ने साइकल चला रहे 5 साल के बच्चे को कुचल दिया। इसमें बच्चे की मौत हो गई। ये पूरी घटना सोसाइटी में लगे कैमरे में कैद हो गई। वीडियो में दिखता है बच्चा साइकल चला रहा था तभी एक कार आई और बच्चे को कुचलते हुए निकल गई। कार सवार दोस्त को छोड़ने आया था।

### घर से नोटों का पहाड़ 61 किलो चांदी जब्त



कानपुर। यहां कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अवैध आर्थिक गतिविधियों पर लगाम कसने की दिशा में पुलिस कमिश्नरेट ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। क्राइम ब्रांच की टीम नेधनकुट्टी इलाके के एक घनी आबादी वाले क्षेत्र में स्थित मकान पर छापेमारी की। करीब 2 करोड़ नकद और करीब 61 किलोग्राम चांदी बरामद की गई है। नेपाली मुद्रा भी मिली है।

### क्रिकेटर यश दयाल की गिरफ्तारी पर रोक



जयपुर। जयपुर हाईकोर्ट से दुष्कर्म के आरोपों का सामना कर रहे क्रिकेटर यश दयाल को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने इस मामले में यश दयाल की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी है। यह आदेश हाईकोर्ट के जस्टिस गणेशराम मीणा की सिंगल बेंच ने दिया। कोर्ट ने जांच में पूरा सहयोग करने और जांच एजेंसियों के समक्ष उपस्थित होने को कहा है।

### कटक में उपराष्ट्रपति ने नेताजी को किया नमन



कटक। पराक्रम दिवस के अवसर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार को ओडिशा की अपनी पहली यात्रा पर कटक पहुंचे। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मस्थान पर समारोह में भाग लिया और कहा कि नेताजी की पुकार आज भी भारतीयों में साहस और संकल्प की प्रेरणा देती है। समारोह में प्रसिद्ध मार्चिंग गीत 'कदम कदम बढ़ाए जा' की जोशभरी धुन गूंजी।

### कफ सिरप मामले में 28 करोड़ की संपत्ति जब्त



वाराणसी। कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी के खिलाफ सोनभद्र पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। तस्करी के मुख्य सरगना बताए जा रहे शुभम जायसवाल के पिता भोला की 28.50 करोड़ की संपत्ति जब्त की जा रही है। वाराणसी के रामकटोरा में शुभम जयसवाल की पत्नी वैशाली और मां शारदा देवी के नाम से सम्पति जब्त की है।

---

## तिरुवनंतपुरम में प्रधानमंत्री ने एलडीएफ-यूडीएफ पर निशाना साधा

# दोनों दलों ने केरल को भ्रष्टाचार के दुष्चक्र में धकेला, प्रतीक अलग पर लक्ष्य करप्शन बना

### पीएम ने तिरुवनंतपुरम ननि में भाजपा की ऐतिहासिक जीत को सराहा



प्रधानमंत्री तिरुवनंतपुरम में विकास परियोजनाओं के शुभारंभ, ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी के दौरान

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को तिरुवनंतपुर नगर निगम में भाजपा की ऐतिहासिक की जीत की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की ओर से दशकों से की जा रही उपेक्षा के अंत और विकास व सुशासन के नए युग की शुरुआत है। प्रधानमंत्री ने दोनों पर भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। तिरुवनंतपुरम में पीएम ने एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एलडीएफ और यूडीएफ ने अलग-अलग तरीकों से केरल को भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन और तुष्टिकरण की राजनीति के दुष्चक्र में धकेल दिया है। भले ही उनके झंडे और प्रतीक अलग हों, लेकिन उनकी राजनीति और एजेंडा लगभग एक जैसे हैं और ये हैं बेलगाम भ्रष्टाचार, जवाबदेही की कमी और विभाजनकारी सांप्रदायिकता को बढ़ावा देना। दोनों दल जानते हैं कि हर पांच साल में उन्हें शासन का मौका मिलता है। लेकिन बुनियादी समस्याएं जस की तस हैं।

**मिशन दक्षिण, केरल में भाजपा का चुनावी शंखनाद**

### अब बदलाव आएगा

पीएम मोदी ने कहा कि दशकों तक एलडीएफ और यूडीएफ ने शहर की उपेक्षा की और शहर को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा। ये जरूरतों को पूरा करने में नाकाम रहे हैं। अब यहां भाजपा का बदलाव दिखेगा।



जनसभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी

### पूरे देश के लिए आदर्श शहर बनेगा तिरुवनंतपुरम

पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि तिरुवनंतपुरम अब पूरे देश के लिए एक आदर्श शहर बनेगा। उन्होंने कहा कि इस शहर के लोगों से मैं कहता हूं-विश्वास रखें। तिरुवनंतपुरम पूरे देश के लिए एक आदर्श शहर बनेगा। इसे भारत के सर्वश्रेष्ठ शहरों में शामिल करने के लिए मैं पूरा समर्थन दूंगा।

### स्वामीनारायण परंपरा मानव सेवा और नैतिक जीवन का जीवंत उदाहरण

प्रधानमंत्री ने शिक्षापत्री द्विशताब्दी महोत्सव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि भगवान स्वामीनारायण की शिक्षापत्री के 200 साल, द्विशताब्दी समारोह का ये अवसर, हम सबका ये सौभाग्य है कि इस पावन पर्व के हम सब सहभागी बन रहे हैं। आप सभी संतों को नमन करता हूं।

**ये मोदी की गारंटी है, सोना चोरी मामले पर होगी जेल**

पीएम ने सबरीमाला मंदिर में सोना चोरी को लेकर बड़ा वादा किया और कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो सोने मामले की जांच होगी। दोषियों को जेल भेजा जाएगा।

### सीएम विजयन ने की प्रधानमंत्री की तारीफ

प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करने के साथ-साथ नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाई। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि यह केरल के विकास के लिए बहुत बड़ा दिन है। यह बहुत गर्व और खुशी की बात है कि मैं प्रधानमंत्री का 'ईश्वर के अपने देश' केरल में स्वागत करता हूं। प्रधानमंत्री ने केरल में कई ऐसे प्रोजेक्ट्स लॉन्च किए हैं जो राज्य के विकास में बहुत मदद करेंगे।

**एनडीए नेताओं से मिले**

### उज्जवल भविष्य देने के लिए हम प्रतिबद्ध

प्रधानमंत्री ने दक्षिण भारत के राज्य केरल पहुंचे और भाजपा के चुनावी अभियान की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने शानदार स्वागत के लिए जनता को धन्यवाद दिया और कहा कि लोगों के आशीर्वाद से भाजपा-एनडीए इस शहर के लिए विकास, बेहतर नागरिक सेवाएं व एक उज्जवल भविष्य देने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम मोदी का शानदार स्वागत किया गया। रोड शो के दौरान लोगों का जोश और उत्साह दिखाई दिया। 'एक्स' पर लिखा, लोगों का जोश और उत्साह भाजपा पर बढ़ते भरोसे को दिखाता है, जो नगर निगम के नतीजों में साफ नजर आया। उन्होंने एनडीए का हिस्सा बनी 'ट्वेंटी20 पार्टी' के नेताओं से भी मुलाकात की।

### भाजपा के पहले मेयर राजेश को गले लगाया

प्रधानमंत्री ने नगर निगम में भाजपा के पहले मेयर वीवी राजेश को गले लगाया। उन्होंने राजेश को मेयर बनने पर बधाई दी।

### एनडीए को विकास और सुशासन का तीसरा विकल्प बताया

पीएम मोदी ने कांग्रेस और वाम दलों पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस केरल को अपनी नई राजनीतिक रणनीतियों की प्रयोगशाला बना रही है। केरल में कांग्रेस कट्टरपंथी तत्वों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। अब भाजपा तीसरा विकल्प बनेगी।

---

**पीएम मोदी ने किया दावा**

## तमिलनाडु एनडीए के साथ डीएमके सरकार की विदाई तय

एक्स पर किया पोस्ट



तमिलनाडु भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नागेंद्रन

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को तमिलनाडु की राजनीति को लेकर बड़ा दावा किया। एक्स पर पोस्ट के जरिए पीएम मोदी ने कहा कि तमिलनाडु अब एनडीए के साथ खड़ा है और राज्य ने डीएमके सरकार को विदाई देने का मन बना लिया है। प्रधानमंत्री ने लिखा, तमिलनाडु एनडीए के साथ है। मदुरंतकम में रैली में एनडीए नेता शामिल हुए। तमिलनाडु ने तय कर लिया है कि अब भ्रष्ट डीएमके सरकार को अलविदा कहने का समय आ गया है। एनडीए का शासन रिकॉर्ड और क्षेत्रीय आकांक्षाओं के प्रति प्रतिबद्धता लोगों को पसंद है।

### एनडीए के चुनावी अभियान की औपचारिक शुरुआत

प्रधानमंत्री के इस संदेश से चेन्नई-तिंडीवनम हाईवे के पास मदुरंतकम में बड़ी राजनीतिक रैली का माहौल बन गया है। इसी रैली के साथ एनडीए तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए औपचारिक रूप से अपना चुनावी अभियान शुरू कर रहा है। भाजपा के तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी एक हाई-प्रोफाइल जनसभा को संबोधित किया। यह जनसभा तमिलनाडु में एनडीए की चुनावी लड़ाई की शुरुआत होगी। मदुरंतकम की बैठक का उद्देश्य राज्य में मौजूदा जनविरोधी डीएमके सरकार को सत्ता से हटाने की दिशा में अभियान को धार देना है।

### बड़ी रैली, राज्यभर से जुटेंगे लोग

यह रैली विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश की पहली बड़ी एनडीए जनसभा मानी जा रही है। इसमें पूरे तमिलनाडु से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, समर्थकों और वॉलंटियर्स के पहुंचे। मदुरंतकम रैली में एनडीए के प्रमुख घटक दलों के नेताओं की भागीदारी तय है। इनमें एआईएडीएमके, पट्टाली मक्कल काची, तमिल मनीला कांग्रेस और अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम (एएमएमके) शामिल होंगे।

---

### हाईकोर्ट में जज के साथ कहासुनी मामले में वकील को फटकारा

# जज को आंख दिखाना चाहते हो तो दिखाओ, हम भी आप को 'देख' लेंगे

### सीजेआई से महेश को नाराजगी का सामना करना पड़ा

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

हाईकोर्ट में जज के साथ कहासुनी से जुड़े मामले में फंसे वकील को सुप्रीम कोर्ट से फटकार मिली है। वकील के खिलाफ आपराधिक अवमानना का नोटिस जारी हुआ था, जिसके बाद उन्होंने शीर्ष न्यायालय का रुख किया था। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत ने अदालत में चेतावनी दी और कहा कि अगर वे आंख दिखाना चाहते हैं, तो हम भी देख लेंगे वह क्या कर लेंगे। मामला बीते साल 16 अक्टूबर, झारखंड हाईकोर्ट का है। सुनवाई के दौरान एडवोकेट महेश तिवारी ने जस्टिस राजेश कुमार को सीमा पार नहीं करने के लिए कह दिया था। उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना का नोटिस जारी हुआ। इस पर वे सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे, जहां उन्हें सीजेआई की नाराजगी का सामना भी करना पड़ा।

### क्या बिगाड़ लिया मेरा... दिखा रहे वकील



सीजेआई ने कहा कि वे सुप्रीम कोर्ट से आदेश सिर्फ यह दिखाने के लिए चाहते हैं कि क्या बिगाड़ लिया मेरा। उन्होंने एडवोकेट को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि अगर वह माफी मांगना चाहते हैं, तो उन्हें माफी मांगनी चाहिए...।

### झारखंड हाईकोर्ट में यह हुआ

एडवोकेट तिवारी एक विधवा का केस लड़ रहे थे, जिनका 1 लाख 30 हजार से ज्यादा बकाया होने के कारण बिजली कनेक्शन काट दिया गया था। जस्टिस कुमार ने राज्य के बार काउंसिल अध्यक्ष से वकील के काम करने के तरीके पर संज्ञान लेने के लिए कहा। तिवारी उठे और अंगुली दिखाते हुए जज से कहा कि मैं अपनी तरह से बहस कर सकता हूं।

### सुप्रीम कोर्ट के गेट तक चलेगी मेट्रो! सीजेआई ने बताया प्लान

सुप्रीम कोर्ट की तस्वीर अब पूरी तरह बदलने वाली है। सीजेआई ने एक इंफ्रास्ट्रक्चर प्लान का खुलासा किया है। अब लोगों को गर्मी और मूसलाधार बारिश में परेशान होकर कोर्ट नहीं आना पड़ेगा। सीजेआई ने सुप्रीम कोर्ट के लिए एक समर्पित मेट्रो लाइन का विचार पेश किया है। यह मेट्रो सीधे कोर्ट परिसर तक शानदार कनेक्टिविटी देगी।

---

## गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल



**बरसात में भी दिखा जवानों का जोश**

नई दिल्ली। दिल्ली में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की गई। सुबह से हो रही बरसात के बावजूद कर्तव्य पथ पर तीनों सेनाओं के जवानों ने कदम से कदम मिलाकर परेड की। कर्तव्य पथ पर पहली बार भारतीय सेना की भैरव बटालियन फुल ड्रेस रिहर्सल का हिस्सा बनी।

---


## शंकराचार्य विवाद की बहस में कूदे कथावाचक और धर्माचार्य

# किसी साधु का अपमान अनुचित, मतभेद भुला इसे सुलझाएं


### मेला प्रशासन ने पदवी पर ही उठाए सवाल, कानून का दिया हवाला

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

यहां माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मेला प्रशासन में टकराव के बाद यह विवाद शंकराचार्य की पदवी तक पहुंच गया। मेला प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस जारी कर पूछा है कि खुद को शंकराचार्य कैसे घोषित कर लिया? अब इस बहस में कथावाचक और धर्माचार्य भी कूद पड़े हैं। गोवर्धनमठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने अविमुक्तेश्वरानंद को अपना लाडला बताया। उन्होंने कहा कि साधु-संतों के साथ मारपीट और ब्रह्मचारियों की चोटियां पकड़कर उन्हें खींचना बिल्कुल गलत है। कोई भी हो, यह बात सभी पर लागू होती है।



स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद



स्वामी निश्चलानंद

### आदर करें, इसे तूल न दें



कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने अपने सामने धर्म संकट बताते हुए कहा कि दोनों अपने ही हैं। एक तरफ भगवान रूपी शंकराचार्य हैं। उन पर किसी तरह की टिप्पणी करना उचित नहीं है। सभी का आदर करें, सुलझाएं, तूल न दें।

### किसी भी शंकराचार्य या साधु को विवाद नहीं करना चाहिए



बाबा रामदेव ने कहा कि तीर्थ स्थलों पर किसी भी शंकराचार्य या साधु को विवाद नहीं करना चाहिए। आपसी विवाद से सनातन का अपयश होता है। हमें आपस में नहीं लड़ना चाहिए, बल्कि सनातन की रक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए।

### फलाहारी महाराज ने खून से लिखा पत्र



श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर केस के मुख्य याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी महाराज ने खून से मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिख कर कहा है कि शंकराचार्य हिंदुओं के भगवान हैं। प्रधानमंत्री भी इनके पैर छूते हैं। आप दोनों सनातनी संतों के जुबानी युद्ध का फायदा दूसरे राजनैतिक दल उठा रहे हैं।

---

**सीएम ने की प्रगति पर चर्चा**

## 'मिजो' भाषा 8वीं अनुसूची में शामिल होने से एक कदम दूर

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

मिजो भाषा को संविधान की 8 वीं अनुसूची में शामिल करने की संभावनाओं का पता लगाने कदम उठाए जा रहे हैं। यह पहल मिजो भाषा विकास बोर्ड द्वारा चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने अध्ययन समूह के सदस्यों के साथ बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें अध्ययन समूह की पहलों की प्रगति और आकलन पर चर्चा की।



### मिजो भाषा को मिला समर्थन

कहा गया है कि सदस्यों ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे राज्य भर में विभिन्न संगठनों और जातीय समुदायों के प्रतिनिधियों से मिलकर 8वीं अनुसूची में मिजो भाषा को शामिल करने के संबंध में राय जुटा रहे हैं। सदस्यों ने कहा कि मिजो भाषा को व्यापक सहमति और समर्थन है। उन्होंने लालदुहोमा को सूचित किया कि मिजोरम ने अतीत में केंद्र को मिजो भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था।

## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।सरोजनी नगर से करीब 3 सप्ताह पहले फिनिक्स मॉल जाने की बात कह कर निकला युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया।काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है।सरोजनी नगर के हनुमान पुरी कॉलोनी स्थित गली नंबर 4 निवासी जनार्दन सिंह के मुताबिक उनका 22 वर्षीय बेटा शशांक कुमार सिंह स्नातक की पढ़ाई करने के बाद एसएससी परीक्षा की तैयारी कर रहा है।जनार्दन सिंह का कहना है कि शशांक बीती 30 दिसंबर को दोपहर करीब 1:45 बजे घर से फिनिक्स मॉल जाने की बात कह कर निकला था। लेकिन वापस नहीं लौटा।इसके बाद रिश्तेदारी और परिचितों के यहां उसकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन शशांक का अब तक कहीं पता नहीं चल सका है। जिससे परिजन काफी परेशान हैं। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के सहारे शशांक का पता लगा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में घर से दुकान पर सामान लेने निकली किशोरी लापता

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।बन्थरा थाना क्षेत्र से बीते दिनों घर से दुकान पर सामान लेने निकली एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोज बीन के बाद परिजनों ने एक युवक के ऊपर उसे बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाया है।बन्थरा थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति के मुताबिक उसकी 17 वर्षीय बेटी बीती 21 जनवरी बुधवार को सुबह करीब 9 बजे दुकान से सामान लाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। इसके बाद परिजनों ने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा।किशोरी के पिता का कहना है खोजबीन के दौरान पता चला कि अमित कुमार यादव पुत्र अनिल यादव नामक युवक किशोरी को अपने साथ बहला-फुसलाकर भगा ले गया है।फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से किशोरी व उसे भगाकर ले जाने वाले युवक की तलाश में जुट गई है।

# लखनऊ के राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर सजेगा उत्तर प्रदेश दिवस का मंच

**अंतरिक्ष से लेकर शिक्षा और कृषि तक, इन 5 सितारों का होगा सम्मान**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के मुख्य समारोह का आयोजन इस वर्ष राजधानी लखनऊ के नवनिर्मित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस भव्य समारोह का उद्घाटन शनिवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने वाली पांच विशिष्ट विभूतियों को ह्यउत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2025-26ह्ल से सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष जिन विभूतियों को गौरव सम्मान प्रदान किया जाएगा, उनमें अंतरिक्ष विज्ञान, शिक्षा, साहित्य, महिला सशक्तिकरण और कृषि जैसे विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्व शामिल हैं।

### अंतरिक्ष विज्ञान में ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए शुभांशु शुक्ला सम्मानित

गौरव सम्मान 2025-26 से सम्मानित होने वाली विभूतियों में राजधानी लखनऊ निवासी अंतरिक्षयात्री एवं भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला शामिल हैं। शुभांशु शुक्ला ने 26 जून 2025 को नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्ष यान द्वारा प्रक्षेपण के बाद अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंचकर इतिहास रचा। वे आईएसएस पर कदम रखने वाले पहले भारतीय अंतरिक्षयात्री बने। हालांकि, अंतरिक्ष में जाने वाले भारतीयों में वे राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय हैं। उनकी यह उपलब्धि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाली है।

### शिक्षा में क्रांति लाने वाले अलख पांडेय को गौरव सम्मान

शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले प्रयागराज निवासी अलख पांडेय को यूपी गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। अलख पांडेय ने वर्ष 2016 में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए ह्यफिजिक्स वालाह्ल यूट्यूब चैनल की



शुरूआत की। वर्ष 2020 में लॉन्च किए गए इसी नाम के ऐप ने किफायती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर करोड़ों छात्रों को लाभान्वित किया। वर्ष 2022 में उनकी कंपनी भारत की छठी एडटेक यूनिकॉर्न बनी। 10 मिलियन से अधिक सब्सक्राइबर वाले इस प्लेटफॉर्म ने शिक्षा को अधिक समावेशी और लोकतांत्रिक बनाया है। उन्हें शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार, टाइम्स 40 अंडर 40 और एडटेक सीईओ ऑफ द ईयर जैसे कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।

### साहित्य और शिक्षा में योगदान के लिए डॉ. हरिओम पंवार होंगे सम्मानित

साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले बुलंदशहर के बुटना गांव में जन्मे डॉ. हरिओम पंवार इस वर्ष यूपी गौरव सम्मान प्राप्त करने वाली तीसरी विभूति हैं। मेरठ महाविद्यालय में विधि के प्रोफेसर रहे डॉ. पंवार की कविताएं ह्यकाला धनह्ल, ह्यघाटी के दिल की धड़कनह्ल, ह्यमैं मरते लोकतंत्र का बयान हूंह्ल और ह्यबागी हैं हम, इंकलाब के गीत सुनाते जाएंगेह्ल समाज को जाग्रत करने वाली रचनाएं हैं। उन्हें निराला पुरस्कार, भारतीय साहित्य संगम पुरस्कार, रश्मि पुरस्कार सहित अनेक सम्मानों से नवाजा जा चुका है। उनकी साहित्यिक कृतियों से होने वाली आय का उपयोग गरीब बच्चों की शिक्षा और वंचित वर्ग के कल्याण में किया जाता है।

### महिला सशक्तिकरण के लिए रश्मि आर्य को सम्मान

महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मेरठ के नारंगपुर में 22 अक्टूबर 2007 को श्रीमद् दयानंद आर्य कन्या गुरुकुल की स्थापना करने वाली रश्मि आर्य को गौरव सम्मान प्रदान किया जाएगा। उनका गुरुकुल वैदिक संस्कृति और आधुनिक शिक्षा का सुंदर समन्वय है। यहां संस्कृत, वैदिक शिक्षा, हवन, संगीत के साथ-साथ इंग्लिश स्पीकिंग और कंप्यूटर शिक्षा भी दी जाती है। गुरुकुल की छात्राओं ने बोर्ड परीक्षाओं, गीता-अष्टाध्यायी प्रतियोगिताओं, योग, धनुर्विद्या और जंप रोप में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्तमान में यहां 600 से अधिक जरूरतमंद बच्चियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है।

### कृषि विज्ञान में वैश्विक पहचान के लिए डॉ. सुधांशु सिंह होंगे सम्मानित

कृषि क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए वाराणसी निवासी डॉ. सुधांशु सिंह को यूपी गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, अयोध्या से स्वर्ण पदक के साथ कृषि में स्नातक किया तथा फिलीपींस के आईआरआरआई से पीएचडी की डिग्री प्राप्त की। फ्लड-टॉलरेंट सब-1 चावल पर उनके शोध ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। वर्तमान में वे आईएसएआरसी, वाराणसी के निदेशक हैं और बीएमजीएफ, वर्ल्ड बैंक तथा यूएसएआईडी जैसे अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स का नेतृत्व कर चुके हैं। 29 वर्षों के अनुभव में उन्होंने सस्टेनेबल एग्रीकल्चर को नई दिशा दी है।

### प्रदेश की प्रतिभा और प्रेरणा का प्रतीक है यूपी गौरव सम्मान

उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान संस्कृति विभाग द्वारा उन विभूतियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने कला, कृषि, विज्ञान, साहित्य, शिक्षा, उद्यमिता, खेल और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देकर प्रदेश का मान बढ़ाया है। ये पांचों सम्मानित व्यक्तित्व उत्तर प्रदेश की बहुआयामी प्रतिभा के प्रतीक हैं और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। यूपी दिवस-2026 के अवसर पर इनकी उपलब्धियां पूरे प्रदेश में गर्व, प्रेरणा और उत्साह का संचार करेंगी।

# पत्नी और ससुरालियों की प्रताड़ना से परेशान युवक ने पुलिस से लगाई गुहार, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने पत्नी और ससुरालियों पर आर्थिक शोषण, मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, जान से मारने की धमकी की प्रताड़ना से परेशान होकर पीजीआई कोतवाली पुलिस को नामजद तहरीर दी है, पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। अनवर चाँद पुत्र रफीक अहमद निवासी ग्राम मटेरवा, मजरे पाकर , थाना मोहनलालगंज,लखनऊ, वर्तमान पता मकान नंबर- 20ए/359 सेक्टर 20 वृन्दावन योजना, थाना पीजीआई रायबरेली रोड, लखनऊ ने बताया कि उनका विवाह अनुबन्ध पत्र के द्वारा साफिया खातून पुत्री शफीक अंसारी निवासी वीर अब्दुल हमीद नगर, पडरौना, थाना कोतवाली पडरौना जिला कुशीनगर, से बीते-26 जनवरी 2018 को हुआ था। इसके पश्चात मुस्लिम रीतिरिवाज से-05/07/2018 को स्थान डूडा कालोनी, निकाहनामा, निष्पादित कर विवाह सम्पन्न हुआ था। कुछ समय बाद प्रार्थी के संसर्ग से पत्नी साफिया खातून के दो पुत्रियों क्रमशः- 1-नाजिया खातून उम्र 6 वर्ष व 2-फातिमा खातून उम्र 2 वर्ष उत्पन्न हुई प्रार्थी अपने परिवार के साथ खुशी से अपना जीवन यापन कर रहा था। कुछ समय पश्चात प्रार्थी द्वारा ससुरालवालों के कहने पर प्रार्थी की साली के विवाह हेतु रुपए-72,000/- रुपए ऑन लाइन अलग-अलग तिथियों पर प्रार्थी ने रुपए भेज दिया, उसके बाद प्रार्थी के ससुरालीजनों ने उसकी पत्नी साफिया खातून को धोखे से भड़काना शुरू कर दिया। आये दिन पति-पत्नी में छोटी-छोटी बातो को लेकर अनबन रहने लगी, प्रार्थी का साला रेहान अंसारी जो कि प्रार्थी के साथ ही रहता था। यही पढ़ता था। दिनांक-05/12/2024 को जब प्रार्थी अपने काम पर निकला हुआ था। उसी दिन पत्नी, साफिया खातून पुत्रियां नाजिया खातून व फातिमा खातून व साला रेहान अंसारी को साथ लेकर फरार हो गयी, जब प्रार्थी दोपहर बाद घर आया तो घर का दरवाजा खुला था। प्रार्थी अन्दर जाकर देखा तो पता चला कि 20,000/-रुपए जो नगद रखे थे। कीमती जेवर वह गायब हो गये। प्रार्थी ने अपनी पत्नी को फोन लगाया तो फोन नहीं उठा अगले दिन प्रार्थी को पता चला कि साफिया खातून अपने मायके में है तथा विपक्षीगण प्रार्थी को धमकी देने लगे कि अब तुम को मैं बर्बाद कर दूंगा। तुम्हारे खिलाफ झूठे मुकदमें में फंसाकर जेल भिजवा दूंगी। यदि कोई कार्यवाही किया तो हम लोग तुमको जान से मार देगें। तुम्हारी लाश का पता तक नही चलेगा। पीड़ित ने सास-जरीना खातून,सास शफीक अंसारी घर तोड़ने में लगी है। तथा साथ में मेरे ससुर शफीक असांरी व साला- तनवीर अंसारी, व रेहान अंसारी तथा सालियां राबिया खातून मंतशा खातून, ये सभी लोग इसके पहले भी हमारी जिन्दगी तबाह करने की कोशिश कर चुके है। पत्नी मेरे साथ रहने को तैयार है। पर हमारे ससुरालीजन उसे हमेश भडकाते रहते है। मेरी खिलाफत करने को कहते है, यह भी कहते है कि तुम अनवर चाँद को छोड़ दो हम तुम्हारी दूसरी शादी करेंगें। तुम्हारा कोई कुछ नहीं बिगाड जायेगा, हमारी पहुँच बहुत ऊपर तक है हम सब देख लेगें। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

## लखनऊ सरार्फा एसोसिएशन ने निकाली वेंटीलेटर यात्रा

**केंद्र सरकार से व्यापार बचाने की मांग, सौपा ज्ञापन**

लखनऊ ।सोने और चांदी के दामों में लगातार वृद्धि को लेकर शुक्रवार को ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के अध्यक्ष मनीष वर्मा के नेतृत्व में कानपुर रोड आशियाना के पावरहाउस चौराहे तक वेंटीलेटर यात्रा निकाली गई। जिसके पश्चात इस वेंटीलेटर यात्रा में शामिल सरार्फा व्यापारियों की मौजूदगी में आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। वही इस वेंटीलेटर यात्रा का नेतृत्व कर रहे सरार्फा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि यह यात्रा सरार्फा व्यापार की गंभीर स्थिति को उजागर करने और सरकार से आवश्यक सहायता की मांग करने के लिए यह वेंटिलेटर यात्रा निकाली गई है। उन्होंने कहा कि सरार्फा व्यापारियों को वर्तमान परिस्थितियों में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और सरकार से जल्द से जल्द राहत की उम्मीद है।जिसके चलते लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों के सरार्फा व्यापारी ने अपनी समस्याओं को लेकर आवाज उठा सरकार से जल्द से जल्द राहत की उम्मीद की है।

# लखनऊ पब्लिक स्कूलकी सभी शाखाओं में बसंत पंचमी की धूम

**श्रद्धा और उल्लास के साथ की मां सरस्वती की आराधना**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ,। लखनऊ पब्लिक स्कूल (सी.पी. सिंह फाउंडेशन) की सभी दस शाखाओं में शुक्रवार को बसंत पंचमी का त्यौहार पूरी श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया।लखनऊ के साउथ सिटी, अंसल, एल्डिको, सेक्टर-डी, सेक्टर-आई और जानकीपुरम शाखा में इस अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना की गई। पूरा माहौल भक्तिमय भजनों और मंत्रोच्चार से गूंज उठा, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।अंसल शाखा में इस पावन पर्व पर मां सरस्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आरती उतारी गई।स्कूल की निदेशिका डॉ. रश्मि पाठक ने शिक्षकों और छात्रों के साथ पूजा में सम्मिलित होकर देवी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर



स्कूल परिसर में एक विशेष हवन का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने पूर्ण श्रद्धा के साथ आहुति दी।निदेशिका डॉ. रश्मि पाठक ने सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए छात्रों को ज्ञान और कला के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्री-प्राइमरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया।इसके अतिरिक्त एल्डिको, सेक्टर-आई, सेक्टर-डी, जानकीपुरम और साउथ सिटी शाखाओं में इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। छात्रों और शिक्षकों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया।समारोह में छात्रों ने मधुर भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए सुंदर नृत्यों ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। इन शाखाओं के अलावा उन्नाव के प्रियदर्शिनी स्थित सेक्टर बी व सेक्टर सी और रायबरेली की प्रगतिपुरम व अहियारायपुर शाखा में भी हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव से बसंत पंचमी का त्योहार मनाया गया। सरस्वती वंदना और भक्ति गीतों के साथ शुरू हुए इन कार्यक्रमों का समापन हर्षोल्लास के साथ प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बाइक में पेट्रोल भरवाने जा रहे मजदूर को अज्ञात वाहन ने पीछे से मारी जोरदार टक्कर जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में उसे सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

सीतापुर जनपद के मानपुर थाना क्षेत्र के लीला पूर्वा कटिया उलारा निवासी सुशील (35) वह गोपरामऊ में एक फ्लोर मिल में कार्यरत था। वहीं से वह वहीं कुछ दूरी पर स्थित पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल भरवाने जा रहा था। तभी पेट्रोल पंप के पास जैसे ही मुड़ा पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि वह कुछ मीटर दूर उछलकर जा गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे की खबर सुनते ही परिवार में मची चीख पुकार। मृतक लंबे समय से वही फ्लोर मिल पर नौकरी करता था। उसी से अपना और परिवार का भरण पोषण करता था। इस संबंध में माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से वाहन की तलाश की जा रही है।



मृतक सुशील फाइल – फोटो

# बसंत पंचमी पर दिखा श्रद्धा और सेवा का अद्भुत संगम....

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां गांव स्थित नंदनी गौशाला परिसर में स्थापित देवरहा आश्रम में शुक्रवार को परंपरागत रूप से आयोजित वार्षिक भंडारे में श्रद्धा आस्था और सेवा का भव्य संगम देखने को मिला बसंत पंचमी के पावन अवसर पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी कार्यक्रम का शुभारंभ सुंदरकांड पाठ, हवन, विधिवत पूजन एवं आरती के साथ किया इसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया, जो देर शाम तक चलता रहा। भंडारे में लखनऊ सहित आसपास के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर बाबा के चरणों में शीश नवाया।आयोजक सतेंद्र तिवारी ने बताया कि नंदनी गौशाला में नियमित



रूप से गौ-सेवा की जाती है तथा देवरहा बाबा मंदिर के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन हेतु पहुंचते आश्रम में साधु-संतों के ठहराव की भी समुचित व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष अपनी आय का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा आश्रम एवं गौ-सेवा में समर्पित करना उनकी परंपरा जो आयोजन की सबसे प्रेरणादायक विशेषता रही।

भंडारे के दौरान जावेंद्र तिवारी निगोहां थाना प्रभारी अनुज तिवारी अजय सिंह पूर्व प्रधान निगोहां ,मोहनलालगंज नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ.अजय पांडेय सत्यम,वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश द्विवेदी, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष धीरेंद्र पांडेय ह्यधीरूह्ल,भाजपा नेता नवीन मिश्रा समाजसेवी दीपू सिंह, अधिवक्ता सचिन तिवारी, पत्रकार हिमांशु रावत, व्यापारी रामजी जायसवाल, श्यामजी जायसवाल, पत्रकार अखिलेश शुक्ला, सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।पूरे आयोजन के दौरान शांति, अनुशासन और भक्तिभाव का वातावरण बना श्रद्धालुओं ने देवरहा बाबा से परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

# जंगली जानवर के पगचिह्न से मचा हड़कंप, वन विभाग टीम जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीते बृहस्पतिवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब ग्रामीणों ने गांव के बाहर स्थित राजकुमार अवस्थी के बाग में जंगली जानवर जैसे पगचिह्न देखे। पगचिह्न दिखाई देने की खबर गांव में आग की तरह फैल गई, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई और लोग सतर्क हो गए।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के भतोइया गांव में पगचिह्न सबसे पहले ग्रामीण इरफान, लल्लन की नजर में आए। उन्होंने बिना देर किए इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही गांव के लोग खेतों और बागों की ओर जाने से बचने लगे और बच्चों को घरों में ही रहने की सलाह दी गई। शुक्रवार को वन विभाग की टीम वन दरोगा ताहिर के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। टीम ने राजकुमार अवस्थी के बाग में मिले पगचिह्नों की गहनता से जांच की और



पगचिन्ह की जांच करते वन दरोगा

उनके फोटोग्राफ भी लिए। इसके साथ ही आसपास के ग्रामीणों से पगचिह्न दिखाई देने के समय और परिस्थितियों की जानकारी जुटाई गई। जांच के बाद वन दरोगा ताहिर ने स्पष्ट किया कि मौके पर मिले पगचिह्न किसी बड़े या हिंसक वन्य जीव के नहीं हैं। उन्होंने बताया कि पगचिह्नों की बनावट डॉग फैमिली के जानवरों से मेल खाती है। इस श्रेणी में लोमड़ी, सियार, भेड़िया, डिंगो और कोयोट जैसे जानवर शामिल होते हैं। वन विभाग ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए सतर्क रहने की अपील की है। साथ ही कहा गया है कि यदि भविष्य में दोबारा ऐसे पगचिह्न या कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो तत्काल वन विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

# दर्जन लोगों के खिलाफ जान से मारने की नीयत से हमला करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।बंथरा के ऐन व वर्तमान समय सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले संदीप कुमार पटेल ने कौशलेंद्र प्रताप उर्फ सोनू, विनोद उर्फ चरण, वरुण उर्फ सन्नू सहित करीब एक दर्जन लोगों के खिलाफ जान से मारने की नीयत से हमला करने का आरोप लगाया है। संदीप कुमार पटेल के मुताबिक वह अपने मित्र मानवेन्द्र सिंह के साथ बीती 9 जनवरी की रात करीब 9:10 बजे निजी कार से अपने गाँव ऐन जा रहे थे। तभी सरोजनी नगर में पिपरसण्ड गांव के पास पहुंचते ही पहले से घात लगाए बैठे करीब 15झ्र20 लोगों ने रास्ता रोक लिया। आरोप है कि आरोपियों ने एक सफेद रंग की कार को उसकी गाड़ी के आगे तिरछा लगाकर जानबूझकर रोक लिया। इसके बाद कार से 3झ्र4 लोग उतरे और पीछे से अन्य लोग दौड़ते हुए आए। सभी ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए संदीप और उसके मित्र पर अचानक हमला कर दिया। हमलावरों ने कार का गेट खोलकर उसका कॉलर पकड़ा और नीचे गिराकर लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट की। पीड़ित के मुताबिक मारपीट में उसकी सोने की चेन टूट गई, चश्मा क्षतिग्रस्त हो गया और उसे गंभीर चोटें आईं। इस दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित का कहना है कि उसने घटना की सूचना डायल 112 पर दी।लेकिन पुलिस के पहुंचते ही आरोपी फरार हो गए। फिलहाल पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सांस्कृतिक गौरव संस्थान ने मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को सांस्कृतिक गौरव संस्थान की ओर से एक विशेष संगोष्ठी एवं विचार-विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम रहीमाबाद स्थित हिंदू जागरण मंच कार्यालय में नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुआ। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता संतोष सिंह ह्यतिलनह्ल ने आधुनिक भारतीय इतिहास के एक महत्वपूर्ण पक्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस केवल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि अविभाजित भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भी थे। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर 1943 को सिंगापुर में गठित ह्यहुकूमत-ए-आजाद हिंदह्ल एक पूर्ण संप्रभु सरकार थी, जिसे



जर्मनी, जापान और इटली सहित विश्व के नौ देशों ने मान्यता दी थी। श्री तिलन ने आजाद हिंद सरकार की संप्रभुता के प्रमाण प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस सरकार का अपना बैंक ह्यआजाद हिंद बैंकह्ल था, जिसकी मुद्रा प्रचलन में थी। इसके साथ ही सरकार का आधिकारिक तिरंगा था, जिसके मध्य दहाड़ता हुआ शेर अंकित था। उन्होंने कहा कि नेताजी के पास अनुशासित आजाद हिंद फौज (कठअ), डाक टिकट और नागरिकता से जुड़े स्पष्ट नियम भी थे, जो किसी भी संप्रभु राष्ट्र की पहचान होते हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 1947 से चार वर्ष पूर्व ही नेताजी ने अंडमान और निकोबार द्वीपों को स्वतंत्र कराकर वहां तिरंगा फहराया था तथा इन द्वीपों का नाम ह्यशहीदह्ल और ह्यस्वराजह्ल द्वीप रखा गया, जो आजाद हिंद सरकार के भू-भागीय अधिकार का प्रमाण है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका, नेताजी के त्याग, साहस और अनुशासन पर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला एवं खंड स्तर पर विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों का वितरण किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक गौरव संस्थान के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सियाराम, गुलजारी लाल, उमेश सिंह, प्रमोद कुमार, दुर्गेश प्रताप सिंह, अनूप गुप्ता, रामशंकर, रामविलास, रामऔतार, रामविलास साहू, श्रीराम सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।


# संदिग्ध परिस्थितियों में तीन वर्षीय मासूम की मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के गौरैया गांव निवासी श्रवण के तीन वर्षीय पुत्र मयंक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।मासूम की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को तीन वर्षीय मयंक अपनी मां सोनिका के साथ मलिहाबाद क्षेत्र के ग्राम कलुआखेड़ा में अपने नाना लालाराम गौतम के घर गया हुआ था। बताया गया कि मां सोनिका ने बच्चे को स्तनपान कराने के बाद सुला दिया था। काफी देर बीत जाने के बाद भी जब मयंक नहीं जागा तो परिजनों ने उसे जगाने का प्रयास किया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

घबराए परिजन तत्काल मासूम को



मृतक मयंक फाइल फोटो

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मयंक अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। बेटे की मौत की खबर सुनते ही परिवार में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। परिजन मामले को लेकर बेहद सदमे में हैं।

## संक्षेप

### मिनी ट्रक व बस की टक्कर चालक घायल

अमन लेखनी समाचार

गंजमुरादाबाद, उन्नाव। मैगी मसाला लेकर लखनऊ से जयपुर जा रहे मिनी ट्रक में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस पर बांगरमऊ क्षेत्र में भवानी खेड़ा गांव के पास पीछे से आ रही स्लीपर बस ने ओवरटेकिंग के दौरान टक्कर मार दी। हादसे में मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर एक्सप्रेस वे पर पलट गया जिसमें मिनी ट्रक चालक घायल हो गया।राजस्थान प्रांत के जोधपुर निवासी मिनी ट्रक चालक प्रेमाराम सेवक मिनी ट्रक में मैगी मसाला लादकर लखनऊ से जयपुर जा रहा था।शुक्रवार तड़के लगभग 1:30 बजे आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर भवानी खेड़ा गांव के निकट स्लीपर बस जो लगभग 40 सवारियों को लेकर जयपुर जा रही थी बस को राजस्थान के झुंझनू निवासी चालक रघुवीर सिंह चला रहा था कहा जा रहा है तभी ओवरटेकिंग के दौरान मिनी ट्रक में बस की टक्कर लग गई जिससे मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर एक्सप्रेस वे पर पलट गया और मिनी ट्रक चालक उसी में फंस गया।हादसे की सूचना पर पहुंची यूपीडा की टीम ने मिनी ट्रक का शीशा तोड़कर चालक को बाहर निकाला और बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया।जहां उसका इलाज किया गया।हादसे में बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और बस में सवार कुछ सवारियां चोटिल हो गई।हादसे के बाद लखनऊ से दूसरी बस मंगाकर सवारियां जयपुर के लिए रवाना की गई।

### अपनी मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों ने अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी को दिया ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव।स्थानीय नगर पालिका में तैनात सभी सफाई कर्मचारियों ने चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी को चार सूत्रीय ज्ञापन भेजकर लंबित मांगों को जल्द निस्तारित किए जाने की मांग उठाई है। मांगों के निस्तारण न करने पर शांति पूर्ण धरना-प्रदर्शन के साथ ही अदालत का दरवाजा खटखटाने की भी चेतावनी दी गई है।

नगर पालिका की उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ इकाई के अध्यक्ष मुकेश और महामंत्री रामकिशन द्वारा पालिकाध्यक्ष रामजी गुप्ता और अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ता को प्रेषित ज्ञापन में मांग उठाई गई है कि स्थाई सफाई कर्मियों के प्रोन्नत वेतनमान के एरियर के धन का भुगतान किया जाए।संविदा सफाई कर्मियों का बीते वर्ष 2010 से अब तक भविष्य निधि के नाम पर उनके वेतन से की गई कटौती का धन संबंधित खातों में जमा कराया जाए और समय-समय पर किए गए वेतन वृद्धि के एरियर के धन का भुगतान किया जाए। साथ ही सभी सफाई कर्मियों को नियमानुसार गर्मी और सर्दी दोनों मौसम की वर्दी प्रदान की जाए। सफाई कर्मियों द्वारा ज्ञापन की प्रतियां कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी, प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य रमेशचंद्र कुंडे तथा संघ के प्रदेशीय महामंत्री अश्वनी कुमार बाल्मीकि को भी भेजी गई हैं।

# कल्याणकारी योजनाओं को लेकर ग्राम चौपाल की बैठक आयोजित

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। आज सनातन संस्कृति का बड़ा दिन है। आज बसंत पंचमी के पर्व पर सभी जगह माता सरस्वती की पूजा हो रही है।ऐसे शुभ अवसर पर हम केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजना जी राम जी योजना के साथ कई योजनाओं को लेकर ग्राम चौपाल की बैठक कर रहे हैं। उक्त बाते जनपद के सांसद सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज ने क्षेत्र के ग्राम सादुल्लापुर में आयोजित ग्राम चौपाल के दौरान कही। भारत सरकार की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजना जी राम जी के साथ कई कल्याणकारी योजनाओं को लेकर आयोजित की गई चौपाल को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान राम जी सीता जी से सदैव कहते थे कि मैं तुम्हारा हूं तुम्हारा हूं किंतु जब उनका राजतिलक होने लगा तो उन्होंने सीता जी से कहा कि सीता अब मैं सबका हूं। वैसे ही देश के प्रधानमंत्री सबके हैं। हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र के साथ कार्य करती है।उन्होंने कहा कि मोदी जी एवं योगी जी के नेतृत्व में जितने अच्छे अच्छे कार्य हुए हैं वह अब तक किसी के कार्यकाल में नहीं हुए हैं। ग्राम चौपाल को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कि ग्राम चौपाल का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की योजना जी राम जी को जन-जन तक पहुंचाना है।सरकार की विकसित भारत की परिकल्पना में जी राम जी की योजना से गांव में विकास की धारा बहने वाली है।इसके साथ ही केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना ,ग्राम सड़क योजना, हर घर पेयजल, राशन योजना,गरीब बालिका विवाह योजना,गरीब आवास योजना सहित तमाम योजनाएं गांवो में विकसित भारत के स्ट्रक्चर को मजबूत करने का काम कर रही है।ग्राम प्रधान जितेंद्र राजपूत द्वारा ग्राम चौपाल के किए गए आयोजन पर संतोष जाहिर करते हुए बांगरमऊ विधायक श्रीकान्त कटियार ने कहा कि ग्राम चौपाल के लिए इससे अच्छा आयोजन नहीं किया जा सकता था ।उन्होंने कहा कि जी राम जी योजना का पूरा नाम ही विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)है। हम सब जानते हैं कि भारत गांवो का देश है तथा भारत की आत्मा ही गांव में बसती है।विधायक ने कहा कि जब हमारे गांव विकसित होंगे तब निश्चित तौर पर हमारा देश भी एक विकसित देश होगा।विधायक ने कहा कि पूर्व में रोजगार गारंटी योजना ग्रामीणों को 100 दिन की गारंटी देती थी जबकि जी राम जी योजना आपको 125 दिन रोजगार की गारंटी देता है ।चौपाल को संबोधित करते हुए अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गोंड ने भारत सरकार की जी राम जी सहित तमाम कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम एस आई आर को लेकर लोगों को जागरुक करते हुए उन्होंने कहा कि आप लोग समय रहते अपने बी एल ओ को जरूरी दस्तावेज उपलब्ध करा कर मतदाता सूची में अपने-अपने नाम अंकित करवा ले।बांगरमऊ उप जिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला ने जी राम जी योजना को ग्रामीणों के लिए हितकर बताते हुए कहा कि नई योजना के तहत अब कामगारों को अधिक दिनों तक काम करने के अवसर मिलने के साथ ही कृषि संबंधी कार्य के लिए अवकाश भी मिलेगा। उप जिलाधिकारी ने भी उपस्थित लोगों से वर्तमान में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम एस आई आर कार्यक्रम के तहत अपने-अपने क्षेत्र के बी एल ओ से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराकर मतदाता सूची में अपना नाम जरूर जुड़वा ले जिससे भविष्य में वह अपने मतदान से वंचित न रहे। चौपाल को ब्लॉक प्रमुख मनोज कुमार निषाद, बी डी ओ श्वेता त्रिपाठी, चेयरमैन मिथिलेश कुमार सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया वही कार्यक्रम का संचालन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता विकास गुप्ता रिशु ने किया।ग्राम चौपाल कार्यक्रम के समापन पर सादुल्लापुर ग्राम प्रधान जितेंद्र राजपूत ने लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया।ग्राम चौपाल में बाल विकास पुष्टाहार, स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग, एनआरएलएम विभाग, शिक्षा विभाग सहित कई विभागों के काउंटर भी लगाए गए ।वही कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, प्रधान दीपक कुमार यादव, बृजेंद्र राजपूत, आयुष कुलदीप के साथ जितेंद्र राजपूत के तमाम इष्ट मित्रों ने कठिन परिश्रम के साथ अपना भरपूर सहयोग दिया।इस अवसर पर ए डी ओ पंचायत हेमन्त कुमार,ग्राम सचिव शैलेन्द्र त्रिपाठी, आकाश शुक्ला, विवेक कुमार, अभिनव अवस्थी, रजत अवस्थी, रामदुलारे पूर्व जिलापंचायत सदस्य अतुल मिश्र, प्रधान राकेश कुशवाहा, दीपू सिंह, मनोज कुमार, सोनू शुक्ला समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# खाटू श्याम की निकाली गई धूमधाम से निशान यात्रा

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। कस्बा स्थित प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर में की द्वितीय वर्ष गांठ पर आज निशान यात्रा का आयोजन हुआ जहां निशान यात्रा में भारी भीड़ देखने को मिली बताते चले कि आज से 2 वर्ष पूर्व सफीपुर कस्बे में प्राचीन मोटेश्वर मंदिर के निकट खाटू श्याम की मूर्ति की स्थापना आलोक गुप्ता ने अध्यक्ष प्रतिनिधि राजा बेटा एवं क्षेत्र के प्रसिद्ध ब्राह्मणों के साथ कराई थी आज 2 वर्ष पूर्ण होने पर विशाल निशान यात्रा का आयोजन हुआ जिसमें डीजे एवं ढोल नगाड़ों की गूँज से सफीपुर श्याम भक्ति मय हो गया निशान यात्रा सफीपुर मोटेश्वर मंदिर से निकलते हुए गुलाब बिल्डिंग रोड से होते हुए प्राचीन सिद्ध पीठ शंकर देवी मंदिर दुर्गा मंदिर सहित संपूर्ण नगर में भ्रमण करते हुए वापस खाटू श्याम मंदिर पहुंची जहां हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष भक्त जय श्री श्याम के नारों से माहौल को भक्ति मय बना रहे थे कार्यक्रम में मुख्य रूप से सौरभ बाजपेई राजा बेटा, आलोक गुप्ता राजू चौहान लल्ला तिवारी पूनम गुप्ता, चर्चिल सोनी, अभिषेक तिवारी,बृजेश सैनी, मयंक श्रीवास्तव, जय गुप्ता, शिव मोहन प्रजापति, जेपी तिवारी, राम लोटन राजपूत, छेदी राजपूत आदि लोग मौजूद रहे

# ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग पर जगत नगर गांव के पास शुक्रवार शाम एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, बांगरमऊ से अठवां गांव जा रहे युवक को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने रौंद दिया।टक्कर के बाद ट्रैक्टर चालक ने वाहन भगाने की कोशिश की, लेकिन लगभग 100 मीटर आगे जाकर ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर खंती में पलट गई। चालक मौके से फरार हो गया। घायल युवक की पहचान कन्नौज के चौरा चांदपुर निवासी विनीत पुत्र दिनेश चंद्र के रूप में हुई है। विनीत अपने रिश्तेदारी जा रहा था। हादसे में उसके दाहिने हाथ में फ्रैक्चर हो गया है और शरीर पर भी गंभीर चोटें आई हैं।




सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है और मामले की जांच पड़ताल जारी है।

# बसंत पंचमी पर कलमकार व सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

मियागंज, उन्नाव।क्षेत्र के चौधरी भागीरथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा और पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया।समारोह की मुख्य अतिथि नगर पंचायत पुरवा की अध्यक्ष रेनू गुप्ता रहीं।

### माँ सरस्वती का पूजन और स्वागत

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय परिवार की ओर से प्रबंधक सुरजीत पटेल व प्रधानाचार्य कुमुदलता ने मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षा और सामाजिक विकास की महत्ता पर विशेष चर्चा की गई।

पत्रकारिता जगत की हस्तियों का सम्मान



लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में समाज को नई दिशा देने वाले पत्रकारों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में मुख्य रूप सेः

जय शंकर पांडेय (अध्यक्ष, जनहितकारी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन)

हरिकृष्ण शुक्ल (वरिष्ठ पत्रकार)

सत्यप्रकाश शुक्ल

दिनेश साहू इन सभी पत्रकारों को उनके उत्कृष्ट कार्य और समाज के प्रति समर्पण के लिए स्मृति चिह्न व अंगवस्त्र भेंट किए गए।

शिक्षकों के योगदान को सराहा

पत्रकारों के साथ-साथ विद्यालय के उन पूर्व शिक्षकों और शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने लंबे समय तक शिक्षा की ज्योति प्रज्वलित की। उनके सेवाकाल के सम्मान में स्मृति चिह्न प्रदान कर उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

प्रमुख उपस्थिति

इस अवसर पर प्रबंधक सुरजीत पटेल ने कहा कि पत्रकारों और शिक्षकों का सम्मान करना समाज के मार्गदर्शकों का सम्मान है।कार्यक्रम में

# ग्राम जन चौपाल का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। विकास खण्ड क्षेत्र की की ग्राम पंचायत मखदूम नगर(लुधौशी) में आयोजित हुई जन चौपाल मुख्य अतिथि सांसद महामंडलेश्वर डॉक्टर सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज एवम विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक बंबालाल दिवाकर तथा भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी रहे...इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज, उप जिलाधिकारी शिवेंद्र वर्मा सहित विकास से जुड़े अधिकारी एवम कर्मचारी एवम बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे.मुख्य अतिथि सांसद साक्षी जी महाराज ,विधायक बंबालाल दिवाकर एवम भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने केंद्र एवम प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए विभिन्न योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया।

# एक मंच पर जुटे धर्मगुरुः सर्व धर्म संसद में दिया आपसी सौहार्द का संदेश

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। रामलीला मैदान में शुक्रवार को सर्व धर्म संसद का आयोजन किया गया। इसमें देश के विभिन्न धर्मों के प्रमुख धर्मगुरु एक मंच पर एकत्र हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी सौहार्द, भाईचारे और राष्ट्रीय एकता का संदेश देना था। यह आयोजन श्री साईं दरबार सेवा समिति के तत्वावधान में 'रंग दे बसंती' कार्यक्रम के तहत किया गया। इसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन सहित अन्य धर्मों के प्रमुख धर्मगुरुओं ने सहभागिता की। धर्मगुरुओं के आगमन पर आयोजन समिति और स्थानीय नागरिकों ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धर्मगुरुओं ने भारत की शक्ति उसकी विविधता में निहित बताई।उन्होंने कहा कि सभी धर्म मानवता, प्रेम और शांति का संदेश देते हैं। देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाए रखने के लिए धर्मों के बीच आपसी सम्मान, संवाद और सहयोग अत्यंत आवश्यक है ।बता दे कि सर्व धर्म संसद के राष्ट्रीय संयोजक गोस्वामी सुशील जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी एक हैं, और धर्मों का विभाजन हम नहीं कर रहे, बल्कि कुछ लोग समाज को लड़ाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि इसी सोच को समाप्त करने के लिए सभी धर्मों के धर्मगुरु एक मंच पर उपस्थित हुए हैं, ताकि समाज को एकता और भाईचारे का स्पष्ट संदेश दिया जा सके। गोस्वामी सुशील जी महाराज ने कहा कि आज उन्नाव में ऐसा मंच सजा है, जहां लोग यह देखकर आश्चर्य कर रहे हैं कि सभी धर्मों के धर्मगुरु एक साथ मौजूद हैं।कार्यक्रम में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सहित सभी समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन के दौरान 'रंग दे बसंती' कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसके माध्यम से देशभक्ति, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया गया।इस अवसर पर साईं मंदिर के संस्थापक सुरेंद्र वर्मा बाबा जी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को जोड़ना और नई पीढ़ी को आपसी भाईचारे का संदेश देना है। कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और सकारात्मक माहौल बना रहा। आयोजन शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिससे उन्नाव में सामाजिक एकता की एक सशक्त मिसाल देखने को मिली।

# बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बसंत पंचमी का पर्व



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी उन्नाव।स्थानीय क्षेत्र के अंतर्गत भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म का पर्व एंव सरस्वती पूजा बंसत पंचमी का त्योहार बडे हर्सोल्लास के साथ मनाया गया क्षेत्र मे आज बंसत पंचमी का त्योहार एंव सरस्वती पूजा जगह जगह बडे हर्सोल्लास के मनाया गया वहीं कस्बा ऊगू के शारदा ज्ञान मंदिर विद्यालय में माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गई जिसमें बच्चों को केक टाफी आदि शिक्षको ने वितरित की इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रकाशचंद्र दीक्षित तथा प्रधान शिक्षक राजीव गौड .व रामजी तथा सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन के तत्वावधान में 25 जनवरी को तिरंगा यात्रा



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन (बैसवारा) के तत्वावधान में आगामी 25 जनवरी को एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा।इसकी जानकारी संगठन की ओर से प्रशासन को पत्र के माध्यम से दी गई है तिरंगा यात्रा प्रातः 9 बजे डॉ. रामविलास शर्मा की प्रतिमा, ऊँचागांव सानी (थाना बीघापुर) से प्रारंभ होगी।यात्रा ग्राम बाजी खेड़ा, शिवपुर, बड़ौरा, जमुका, पड़री होते हुए थाना अचलगंज क्षेत्र से गुजरकर तारागढ़ी पासा खेड़ा, गोकुलपुर, पल्हरी कटवा मार्ग से थाना पुरवा क्षेत्र में प्रवेश करेगी।यात्रा का समापन पुनः ऊँचागांव सानी में किया जाएगा भारतीय किसान यूनियन (बैसवारा) के प्रदेश अध्यक्ष पवन शुक्ला ने तिरंगा यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराने हेतु संबंधित थानों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है ।उपजिलाधिकारी के कार्यालय में अनुपस्थित रहने के कारण संगठन की ओर से यह पत्र तहसीलदार मनीषा द्विवेदी को सौंपा गया।

# बसंत पंचमी पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। बसंत पंचमी के अवसर पर विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिरों में आस्था का माहौल देखने को मिला। पीले वस्त्र धारण किए श्रद्धालु मां सरस्वती की आराधना में लीन रहे। पूरे जिले में धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण बना रहा। शहर के प्रमुख मंदिरों सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना जारी रहा। मां सरस्वती की प्रतिमाओं को पीले पुष्पों, केसरिया चुनरी और फूल-मालाओं से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां सरस्वती से विद्या, बुद्धि और विवेक का वरदान मांगा। मंदिर परिसरों में ह्या कुन्देन्दु तुषारहार धवला३ जैसे मंत्रों के उच्चारण से वातावरण भक्तिमय बना रहा ।बसंत पंचमी के अवसर पर बच्चों और छात्रों की विशेष उपस्थिति दर्ज की गई। माता-पिता अपने बच्चों को लेकर मंदिर पहुंचे और विद्या आरंभ संस्कार भी कराया। कई स्थानों पर छोटे बच्चों को पहली बार स्लेट और पेंसिल पकड़ाकर शिक्षा की शुरूआत कराई गई। मान्यता के अनुसार, बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की पूजा करने से ज्ञान और सफलता की प्राप्ति होती है, इसी आस्था के कारण बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मंदिर पहुंचे ।श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर समितियों और प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए थे। मंदिर परिसरों में साफ-सफाई के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रखी गई। पुलिस बल की तैनाती के साथ स्वयंसेवकों को भी तैनात किया गया ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। शहर के कई प्रमुख मंदिरों में कतारबद्ध दर्शन की व्यवस्था की गई ।बसंत पंचमी के साथ ही बसंत ऋतु के आगमन का उत्सव भी मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं और घरों में विशेष पकवान बनाए गए। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साह से भाग लिया। मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही जारी रही। पीले रंग से सजा शहर बसंत पंचमी के उल्लास में डूबा रहा। पूरे जनपद में शांतिपूर्ण और श्रद्धा के साथ पर्व मनाया गया, जिससे धार्मिक सौहार्द और आस्था का सुंदर माहौल बना रहा।

# पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल साथी फरार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। थाना मौरावां क्षेत्र में गुरुवार देर शाम पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में एक शातिर बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई 22 जनवरी 2026 को करीब 7:30 बजे मौरावांझकालूखेड़ा मार्ग स्थित जियो पेट्रोल पंप के पास चेकिंग के दौरान हुई। पुलिस के अनुसार चेकिंग के एक बाइक पर सवार दो युवकों को रोकने का इशारा किया गया, लेकिन वे बाइक मोड़कर भागने लगे। इसी दौरान पीछे बैठा युवक गिर पड़ा, जबकि बाइक चालक वाहन लेकर लखनऊ की ओर फरार हो गया। गिरने के बाद बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर मौके से भागने की कोशिश की। आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे मौके पर ही दबोच लिया गया ।गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में अपना नाम मोहम्मद नईम खां उर्फ मोटू पुत्र स्वर्गीय ईदू, निवासी पिंक बूथ बंथरा सिकंदरपुर, थाना बंथरा, जनपद लखनऊ बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया ।पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने 14 जनवरी 2026 को थाना असोहा क्षेत्र में पुलिस टीम पर हुए जानलेवा हमले में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन का चालक होना स्वीकार किया है। अभियुक्त के खिलाफ सीतापुर और उन्नाव जनपद के विभिन्न थानों में गोवध निवारण अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं ।घायल अभियुक्त को उपचार के लिए सीएचसी मौरावां भेजा गया है। पुलिस फरार बाइक सवार की तलाश में जुटी है तथा आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। इस मुठभेड़ में तेज तर्रार क्षेत्राधिकार पुरवा तेज बहादुर सिंह व मौरावां थाना प्रभारी कुवर बहादुर सिंह सहित उनकी पुलिस टीम का विशेष योगदान रहा

# पाल समाज के लोगों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। प्रशासन द्वारा वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर देवी-देवताओं की मूर्तियों के साथ ही अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा को बुलडोजर से तोड़ने पर पाल समाज के नागरिकों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। पाल समाज ने दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग उठाई।

पाल समाज के नेता कैलाश पाल के नेतृत्व में तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों के निवासी वैभव पाल, हिमांशु व विकास पाल आदि नागरिक यहां के तहसील कार्यालय पहुंचे। जहां राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम ब्रजमोहन शुक्ला को सौंपा।



ज्ञापन में कहा गया है कि वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर देवी-देवताओं की मूर्तियों के अलावा अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा को भी बुलडोजर से तोड़ दिया गया है।जिससे पाल समाज ही नहीं बल्कि अहिल्याबाई होलकर के अनुयायी करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। जिसका पाल समाज पुरजोर विरोध करता है।ज्ञापन में पाल समाज ने राज्यपाल से प्रतिमा का पुननिर्माण कराए जाने और दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है।

# कैंप का आयोजन नीलामी प्रक्रिया के बारे मे दी विस्तृत जानकारी

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। की तहसील पुरवा के अंतर्गत ग्राम कसरौर की शत्रु संपत्तियों को ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक विडिंग के द्वारा विक्रय किए जाने हेतु जैसा है जहां है, और बसा है जो है,और जो कुछ है के आधार पर एम.एस.टीसी. पोर्टल पर निविदा आमंत्रण हेतु अपलोड किया गया है जिसकी ई - नीलामी दिनांक 28 जनवरी 2026 को 11:00 बजे प्रारंभ होकर 4:00 बजे तक होगी। क्यू आर कोड में समस्त नियम एवं शर्तें प्रदर्शित हैं साथ ही ई-नीलामी हेतु सत्रु संपत्तियों की भूमि की सूची भी संलग्न है। बताया कि शत्रु संपत्ति के संबंध में पुरवा तहसील में 22 01 2026 को सुबह 10 बजे कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें वी एस कुशवाहा पर्यवेक्षक के द्वारा नीलामी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी साथ ही उक्त तहसील के उप जिला अधिकारी से भी अधिक से अधिक जानकारी ली जा सकती है। उपजिलाधिकारी पुरवा प्रमेश श्रीवास्तव , तहसीलदार पुरवा मनीष द्विवेदी नायब तहसीलदार नीरज चतुवेर्दी व क्षेत्रीय लेखपाल फाजिल अंसारी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# भाजपा में अब 'युवा युग' की शुरुआत

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में नेतृत्व परिवर्तन केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं है, बल्कि यह उस राजनीतिक सोच का संकेत है, जिसमें भविष्य की राजनीति को ध्यान में रखते हुए युवाओं को निर्णायक भूमिका सौंपी जा रही है। 45 वर्षीय नितिन नबीन का भाजपा अध्यक्ष बनना इसी रणनीतिक दिशा की पुष्टि करता है। यह कदम न केवल पार्टी के भीतर पीढ़ीगत संतुलन को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि भाजपा अब स्वयं को "नए भारत" की आकांक्षाओं के अनुरूप ढाल रही है और भविष्य की राजनीति को वर्तमान में आकार देना चाहती है। यह फैसला भाजपा की उस दीर्घकालिक रणनीति को दर्शाता है, जिसमें संगठन को उम्र, ऊर्जा और विचार तीनों स्तरों पर नई धार देने का प्रयास किया जा रहा है। जनसंघ काल से ही भाजपा ने कार्यकर्ता आधारित संगठन का दावा किया है और यह नियुक्ति उसी परंपरा का विस्तार है। 46 वर्ष पुरानी पार्टी का अध्यक्ष यदि 45 वर्ष का हो, तो यह केवल संयोग नहीं, बल्कि सोची-समझी रणनीति का परिणाम है। इसे भाजपा में नए युग, या कहें 'युवा युग' यानी जेन जेड की औपचारिक शुरुआत माना जा सकता है। भाजपा का यह निर्णय कि संगठन में 70 फीसदी पद 60 वर्ष से कम उम्र के नेताओं को और 30 फीसदी पद 60 वर्ष से अधिक आयु के अनुभवी कार्यकर्ताओं को दिए जाएंगे, एक संतुलित और व्यावहारिक मॉडल प्रस्तुत करता है। यह मॉडल भारतीय राजनीति में एक नई कार्य संस्कृति को जन्म दे सकता है। आंकड़े इस बदलाव की पुष्टि करते हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल में 55 वर्ष से कम आयु के 20 मंत्री यानी 33 फीसदी संख्या होना, भाजपा शासित राज्यों में 9 मुख्यमंत्री 55 साल की उम्र से कम होना यानी 64 फीसदी मुख्यमंत्रियों का युवा होना और प्रदेश अध्यक्षों में लगभग 14 का 55 साल की उम्र से कम होना यानी 38 फीसदी युवा नेतृत्व यह दर्शाता है कि यह बदलाव केवल शीर्ष स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि संगठन की जड़ों तक पहुंच चुका है। यह भाजपा को अन्य राजनीतिक दलों से अलग पहचान देता है, जहां नेतृत्व परिवर्तन अक्सर मजबूरी में होता है, न कि रणनीति के तहत। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों पर फोकस भी इसी युवा रणनीति का हिस्सा है। ये दोनों राज्य राजनीतिक, सांस्कृतिक और वैचारिक रूप से चुनौतीपूर्ण रहे हैं। यहां युवा नेतृत्व न केवल संगठन को मजबूती दे सकता है, बल्कि स्थानीय मुद्दों, युवाओं की आकांक्षाओं और क्षेत्रीय अस्मिता को राष्ट्रीय विमर्श से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कथन कि "अब 45 साल के नबीन मेरे बॉस होंगे" केवल औपचारिक बधाई नहीं, बल्कि पार्टी कैडर के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि नेतृत्व की कसौटी उम्र नहीं, बल्कि क्षमता, प्रतिबद्धता और प्रदर्शन है। मंगलवार को नितिन नबीन का कार्यभार संभालना इसी विश्वास को संस्थागत रूप देता है। 1951 में जनसंघ की स्थापना, 1980 में भाजपा का गठन और अब 46 वर्षों की यात्रा में पार्टी ने कई राजनीतिक दौर देखे हैं। आज का यह बदलाव उसी यात्रा का अगला पड़ाव है, जहां भाजपा खुद को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रही है। अंततः, भाजपा में यह 'युवा युग' केवल चेहरों का बदलाव नहीं है, बल्कि सोच, कार्यशैली और राजनीतिक संवाद में परिवर्तन का संकेत है। यदि युवा ऊर्जा को वैचारिक स्पष्टता और संगठनात्मक अनुशासन के साथ जोड़ा गया, तो यह बदलाव न केवल भाजपा, बल्कि भारतीय राजनीति के लिए भी एक नया मानक स्थापित कर सकता है।



मिशन

गीता शुक्ला

# क्या बंगाल में भी परचम लहराएगी बीजेपी

बीजेपी ने गृह मंत्री अमित शाह के हाथों में बंगाल और तमिलनाडु का चुनाव प्रभार सौंप दिया है। अब लोगों में यह उम्मीद बंध गई है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भी इस बार बीजेपी दो-तिहाई बहुमत लेकर आएगी। पश्चिम बंगाल की सत्ता से यदि टीएमसी बाहर होती है, तो इसके पीछे बीजेपी के उत्थान के साथ ममता बनर्जी के ध्रुवीकरण वाली राजनीति का पतन भी एक बड़ा कारण होगा। बीजेपी अमित शाह के नेतृत्व में बिहार की ही तरह बूथ-केंद्रित रणनीति अपनाने जा रहा है। पश्चिम बंगाल के कुल 81,000 मतदान बूथों में से बीजेपी ने 65,000 के लिए बूथ समितियां बना ली हैं और सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारक तैनात कर दिए हैं।

बिहार के बाद महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय के चुनाव परिणाम ने लोगों को फिर चौंकाया है। बीजेपी के प्रति इतना जबर्दस्त समर्थन अब विरोधियों को भी यह कहने पर मजबूर कर रहा है कि भगवा पार्टी कमाल कर रही है। उसका संगठन अब इतना मजबूत हो चुका है कि कोई अन्य पार्टी उसके आसपास भी खड़ी नहीं हो पा रही है। जाहिर है कि बीजेपी में जिस प्रोफेशनल एक्सेलेन्स की बात अखिलेश यादव ने की है, उसे पार्टी में लाने का श्रेय किसी को जाता है तो वह गृह मंत्री अमित शाह हैं, और अब उन्हीं गृह मंत्री के हाथों में बीजेपी ने बंगाल और तमिलनाडु का चुनाव प्रभार सौंप दिया है। अब लोगों में यह उम्मीद बंध गई है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भी इस बार बीजेपी दो-तिहाई बहुमत लेकर आएगी।

बंगाल से जुड़े कई स्वतंत्र टिप्पणीकार यह कहने लगे हैं कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी 50 सीटों से भी नीचे चली जाएगी और आशंका यह भी व्यक्त की जा रही है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपनी सीट भवानीपुर को भी बचाने में बड़े पापड़ बेलने पड़ सकते हैं। पश्चिम बंगाल की सत्ता से यदि टीएमसी बाहर होती है, तो इसके पीछे बीजेपी के उत्थान के साथ ममता बनर्जी के ध्रुवीकरण वाली राजनीति का पतन भी एक बड़ा कारण होगा। दरअसल, अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की राजनीति से प्रदेश की 70 फीसदी जनता ऊब चुकी है और इस बार बदलाव की आवाज साफ सुनाई दे रही है। जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले महीने 29 से 31 दिसंबर तक की कोलकाता की यात्रा की, स्थानीय लोगों और बीजेपी कार्यकर्त्ताओं में इसी तरह का जज्बात साफ दिखाई दिया था। यह पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव अभियान की एक तरह से शुरुआत थी। अमित शाह ने अपने चीरपरिचित अंदाज में मैराथन संगठनात्मक बैठकें कीं। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ साथ आरएसएस के पदाधिकारियों को भी जाग्रत कर दिया और लगे हाथ उन्होंने पश्चिम बंगाल में बीजेपी के लिए दो-तिहाई बहुमत की भविष्यवाणी भी कर दी।

अमित शाह जिस भी विधान सभा चुनाव की जिम्मेदारी लेते हैं, वहां सबसे पहले संगठन को कसने से ही शुरुआत करते हैं। विधायकों, सांसदों के साथ साथ नगर निगम पार्षदों तक के साथ लगातार बंद कमरे में बात करते हैं और कहीं भी किसी गफलत की गुंजाइश नहीं छोड़ते हैं। अपने वैचारिक मूल संगठन के बीच का उनका समन्वय जबर्दस्त होता है। फिर अपने प्रतिस्पर्धियों की कमजोरियों और मुद्दों को चिन्हित कर उनके काउन्टर नैरेटिव तैयार करवाते हैं और उस पर कार्पेट बॉम्बिंग शुरू कर देते हैं। पश्चिम बंगाल में भी अमित शाह ने ममता सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार, चिट फंड घोटाला, नौकरी घोटाला, कोयला घोटाला और पशु तस्करी के मुद्दे चिन्हित कर लिए हैं और उसमें संलिप्त तृणमूल कांग्रेस के नेताओं और मंत्रियों के नाम भी उजागर कर दिए हैं। राज्य के कई मंत्रियों के भ्रष्टाचार में शामिल होने के कारण जेल जाने की घटनाएं लोगों के दिमाग में पहले से ही अंकित हैं। सबसे ऊपर बीजेपी जिस मुद्दे को लेकर चुनाव जीतने के प्रति आश्वस्त है, वह



है बांग्लादेश से घुसपैठ का मुद्दा। ममता बनर्जी इस मुद्दे पर घिर चुकी हैं। अमित शाह के इस आरोप का उनके पास जवाब नहीं है कि आखिर सीमा पर बाड़ लगाने के लिए उन्होंने बीएसएफ़ को ज़मीन देने से क्यों इनकार किया। बीजेपी ने यह रिकार्ड पेश किया है कि असम और त्रिपुरा से घुसपैठ की घटनाएं लगभग बंद हो गई हैं, जबकि पश्चिम बंगाल में अब भी जारी हैं। इस कारण बंगाल की डेमोग्राफी तेजी से बदल रही है। खड़गपुर से कोलकाता और बर्धमान से सिलीगुड़ी तक का पूरा इलाका डेमोग्राफिक रूप से बदल गया है। स्थानीय लोग ही बताते हैं कि ये सारे इलाके अब बांग्लादेशी निवासियों से भर गए हैं।

ये पश्चिम बंगाल के मूल निवासी नहीं हैं, लेकिन संसाधनों पर इनका कब्जा हो चुका है। वे बेहतर पैसे और अच्छी जिंदगी के लालच में आए थे, लेकिन बंगाल के राजनीतिज्ञों ने उनका यहीं बसेरा बना दिया। बंगाल की संस्कृति, जीवन शैली, परंपरा, आदि सब कुछ बदल गया है। बीजेपी के इस वादे में बंगाली समुदाय को एक विश्वास दिखता है कि घुसपैठ पर लगाम के लिए एक नेशनल ग्रिड बनना चाहिए और गृह मंत्री इसको चुनावी अभियान का हिस्सा बनाना चाहते हैं। देखा जाए तो बीजेपी की चुनावी राजनीति की कमान जब से अमित शाह संभाल रहे हैं, तब से लगातार पश्चिम बंगाल में भी पार्टी की स्थिति सुधर रही है। 2016 के विधान सभा चुनाव में बीजेपी को केवल 3 विधानसभा सीटों में ही जीत हासिल हुई थी, लेकिन 2021 में 77 सीटों को जीतने में बीजेपी सफल रही। उसी तरह से 2014 के लोकसभा चुनाव में बंगाल में बीजेपी को 17 प्रतिशत वोट मिले थे, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी को 39 प्रतिशत वोटों का सहारा मिला। पिछली हार से सबक लेते हुए भाजपा इस बार जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने में जुट गयी है। पश्चिम बंगाल में संगठन को मजबूत करने के लिए नेताओं को तैनात किया गया है। गौरतलब है कि पिछली बार बंगाली अस्मिता का मुद्दा उठाकर तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा को बाहरी पार्टी के तौर पर प्रचारित किया और चुनाव में इसका लाभ तृणमूल कांग्रेस को मिला। इस बार भाजपा बंगाली अस्मिता के मुद्दे पर सतर्क है। बिहार जीत से उत्साहित भाजपा इस बार पश्चिम बंगाल को लेकर सटीक और सधी रणनीति अपना रही है। आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में केंद्रीय मंत्रियों का दौरा तेज होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि बीजेपी अमित शाह के नेतृत्व में बिहार की ही तरह बूथ-केंद्रित रणनीति अपनाने जा रही है। पश्चिम बंगाल के कुल 81,000 मतदान बूथों में से बीजेपी ने 65,000 के लिए बूथ समितियां बना ली हैं और सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारक तैनात कर दिए हैं। दूसरी तरफ, ममता बनर्जी के शासन काल में अपराध और अपराधियों की मौजूदगी बढ़ती जा रही है। खुद मुख्यमंत्री अराजकता की लाइन पार करती दिखाई देती हैं। वह प्रधानमंत्री पद की गरिमा का भी अक्सर उल्लंघन करती दिखाई देती हैं। केंद्र के साथ बैठकों में भी कागज़ फेंकने, झल्लाने और घमंड दिखाने से बाज नहीं आतीं। बंगाल के लोगों को ममता की इस शासन संस्कृति से लज्जित होना पड़ता है।

पीएम मोदी लगातार धैर्य और सहिष्णुता से पेश आते रहे हैं, लेकिन हाल के दिनों में ईडी के अधिकारियों के साथ ममता का असंवैधानिक व्यवहार उनकी सरकार को बर्खास्त करने का कारण बन सकता था। फिर भी बीजेपी नेतृत्व इसकी मांग से बच रहा है। बीजेपी संभवतः यह मान रही है कि 2026 में बंगाल की सीएम ममता नहीं होंगी और टीएमसी के लिए खुद को बचाए रखना भी संभव नहीं होगा। माना जा रहा है कि मुस्लिम वोट के लिए हिंदुओं के साथ भेदभाव का यह दौर अब आगे नहीं चल सकता। अमित शाह ज़्यादातर मामलों में अपनी बात पर खरे उतरे हैं, अब देखना यह है कि बंगाल भी उनके लिए उनके वादे के साथ खड़ा होगा या नहीं।

## मुद्दा

ऋतुपर्ण दवे



# ग्रीनलैंड का सपना ट्रंप का बाल हठ या राज हठ

कभी ट्रम्प तानाशाह तो कभी तुनक मिजाज लगते हैं। शायद अमेरिकावासियों को भी अब ट्रम्प को समझ पाना मुश्किल हो रहा होगा। उन्हें चुनते वक्त भी ऐसा अंदाजा हरगिज नहीं रहा होगा। इतना तो समझ आ रहा है कि अपनी दूसरी पारी में ट्रम्प दुनिया में सबसे अलग करने की नीयत से हर वो काम करने पर आमादा हैं, जिससे उनकी चर्चा और धमक बनी रहे। लगता नहीं कि वो कभी अमेरिका के आदर्श राष्ट्र प्रमुखों में गिने जाएंगे! उनका दर्द जब-तब उनके बयानों से झलकता भी है। शांति के नोबल पुरस्कार की होड़ में मात खाने के बाद ट्रम्प एकाएक अशांतिपूर्ण हरकतों पर उतारू हो गए। उनकी टीस इसी बात से समझ आती है कि इस पुरस्कार के लिए खुद अपनी पैरवी करने वाले ट्रम्प ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर को चिट्ठी लिख नोबेल नहीं मिलने की शिकायत तक कर दी। साथ ही यह भी लिखा कि 8 जंग रुकवाने के बावजूद उन्हें नोबेल नहीं मिला, इसलिए उन्होंने अब शांति के बारे में सोचना छोड़ दिया है। शांति जरूरी है, लेकिन अब वह यह भी सोचेंगे कि अमेरिका के हित में क्या सही है। ग्रीनलैंड पर जबरन कब्जे की उनकी नीयत और कोशिशों की एक वजह नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने की खीझ भी स्पष्ट समझ आती है। रूस और चीन के खतरे की दुहाई देकर ट्रम्प नाटो सदस्य डेनमार्क के ग्रीनलैंड को हथियाने का जो दंभ भर रहे हैं, उसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों और नाटो की एकता के साथ ही वैश्विक शांति के लिए गंभीर खतरा माना जा रहा है। ट्रम्प की जिद कहें या दादागिरी, यह उनका दुनिया का तानाशाह बनने जैसा ही कदम कहलाएगा। देर-सबेर इसका खामियाजा अमेरिका ही भुगतेगा, क्योंकि वैश्विक मंच पर दुनिया का दारोगा कहलाने वाले मजबूत देश की विश्वसनीयता कमेगी। ग्रीनलैंड की जिद पर दुनिया भर में शांति के पक्षधर लोगों की समझाइश का भी ट्रम्प पर कोई असर न पड़ना मामले को गंभीर बनाता है। ग्रीनलैंड में 1979 से स्व-शासन है। उसकी विदेश और रक्षा नीति नाटो संगठन का सदस्य देश डेनमार्क देखता है। ग्रीनलैंड डेनमार्क का अर्ध-स्वायत्त भाग है। ग्रीनलैंड और डेनमार्क सरकारों ने भी हमेशा कहा है कि ग्रीनलैंड न कभी पहले बिकाऊ था, न आज है। नाटो देश भी कभी नहीं चाहेंगे कि कोई दादागिरी कर कब्जा कर ले। खुद यूरोपीय देश फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी, स्वीडन, डेनमार्क और इटली ने भी ट्रम्प के बयान की आलोचना की है। इतना ही नहीं, सामूहिक तौर पर जवाब देने की बात भी कह ट्रम्प को चेताया है। आठ यूरोपीय देशों डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड और फिनलैंड पर टैरिफ की धमकी को ये देश ट्रम्प का ब्लैकमेल, समझ से परे और अनुचित बता रहे हैं। ट्रम्प की हरकतों से यूरोप और अमेरिका के सुरक्षा सहयोग संगठन नाटो के भविष्य पर भी प्रश्न चिन्ह दिख रहा है। खुद 80 प्रतिशत अमेरिकी भी नहीं चाहते कि ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा बने, क्योंकि इससे नाटो में दो फाड़ होगी, जिसका फायदा चीन और रूस जैसे अमेरिका विरोधियों को मिलेगा। ऐसा भी नहीं है कि यूरोपीय संघ यानी ईयू ट्रम्प के लगाए गए टैरिफ का जवाब देने में पीछे है। ईयू 27 यूरोपीय देशों का राजनीतिक और आर्थिक संगठन है। इन देशों का रुख अमेरिका पर ट्रेड पाबंदियां लगाने का है, जिस पर वो गंभीरता से विचार कर रहे हैं। जबकि इनका लक्ष्य सदस्य देशों के बीच शांति, समृद्धि और स्थिरता को बढ़ावा देना है। ऐसी स्थिति में नाटो देश भी अमेरिका की मुखालफत करेंगे। हालांकि, ईयू एक खास कानूनी हथियार के इस्तेमाल की सोच रहा है, जिसे 'ट्रेड बाजूका' कहते हैं। इसका मकसद उन देशों के खिलाफ कड़ा कदम उठाना है, जो यूरोपीय देशों पर जबरदस्ती आर्थिक दबाव बनाने की कोशिश करते हैं। ईयू सांसद अमेरिका के साथ हुए ट्रेड एग्रीमेंट की मंजूरी रोकने की तैयारी में भी हैं। जाहिर है इससे बहुपक्षीय तनाव बढ़ना ही है, जिसमें अमेरिका के विरोध में कई होंगे। इन सबके लिए जिम्मेदार ट्रम्प ही होंगे। ट्रम्प की मौजूदा सनक की वजह ग्रीनलैंड है जो सैन्य रणनीतिक लिहाज से बेहद खास है।

## आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण



संकलित

**दर्शन**

आत्मसंयम मनुष्य की ऐसी आंतरिक क्षमता है, जिसके आधार पर मनुष्य अपना समग्र विकास करने में सक्षम होता है। बुरी आदतों पर नियंत्रण आत्मसंयम की शक्ति से ही संभव है। असल में यही खराब आदतें हमारी प्रगति की राह में अवरोध बनती हैं। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसंयम में सही ताल मिल जाए तो असंभव से लक्ष्य को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। संयम एक ऐसा बीज मंत्र या आवरण है, जो हर स्थिति में कारगर होता है। इस संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनका जीवन यही संदेश देता है कि उनके उत्कर्ष में आत्मसंयम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण है। जिन लोगों में आत्मसंयम होता है उनका स्वास्थ्य, रिश्ते, आर्थिक स्थिति और करियर अन्य लोगों की अपेक्षा बेहतर होता है। ऐसे लोग जीवन से अधिक संतुष्ट रहते हैं। उन्हें जीवन अधिक सार्थक लगता है। आत्मसंयम का जीवन रचनात्मकता से ओतप्रोत होता है। यह सद्गुण काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय को दूर करने के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व को गहराई एवं गंभीरता प्रदान कर उसके जीवन को सुखप्रद बनाता है। आत्मसंयम का महामंत्र आत्मसात कर हम असीमित इच्छाओं के अश्व की लगाम अपने हाथ में रख सकते हैं। थोड़ा गहराई में जाएं तो संयमी की यात्र कंकर से शंकर बनने की है। हमें अपने जीवन में आत्मसंयम की आवश्यकता इसलिए भी पड़ती है, ताकि हम पथ से भटके बिना अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल हो सकें।

## सुदर्शन रूप में भक्त की प्रेत से रक्षा



संकलित

**प्रेरणा**

संत अनंतकृष्ण बाबा जी के पास एक लड़का सत्संग सुनने के लिए आया करता था। संत से प्रभावित होकर बालक द्वारा दीक्षा के लिए प्रार्थना करने पर बाबा जी ने कहा कि महामंत्र का 11 लाख जप करके आओ उसके बाद विचार करेंगे। लगभग कुछ महीनों के पश्चात जप की संख्या पूरी करने के बाद वह बाबा के पास पुनः आया। बाबा ने बालक को कहा 11 लाख और जप करके आना। अभी 3-4 वर्ष ही बीते थे साधक जीवन में प्रवेश किए हुए, उसके मन में श्रद्धा की कमी होने लगी । वह एक दिन कहीं जा रहा था रास्ते में एक तांत्रिक को कुछ सिद्धियों का प्रदर्शन करते हुए देखा। तांत्रिक ने उससे अपने बारे में पूछा, उसने अपनी उपासना के बारे में बताया । तांत्रिक ने पूछा कि तुम इतने वर्षों से इतनी संख्या में जप करते हो, साधना करते हो उससे तुम्हे कुछ अनुभूति हुई? हमारी तरह प्रेत सिद्ध कर लो, तुम्हारे सब काम प्रेत कर दिया करेगा, बालक ने तांत्रिक से साधन की विधि जानी और शीघ्र ही थोडे मंत्रो के जप से ही सिद्ध प्राप्ति कर ली। उसने तांत्रिक से कहा कि मुझे तो कोई प्रेत सिद्ध हुआ नहीं। तांत्रिक ने कहा पुनः प्रयास करो। इस बार भी प्रेत प्रकट नहीं हुआ। तांत्रिक ने प्रेत को बुलाकर पूछा कि तुम इसके सामने क्यों नहीं प्रकट होते हो? उस प्रेत ने कहा मैं तो जैसे ही इसके थोड़े निकट जाता हूँ, इसके पीछे एक सुदर्शन चक्र प्रकट हो जाता है। मैं महान बलवान होने पर भी उस चक्र के तेज के सामने टिक नही सकता। अवश्य ही कोई शक्ति इसकी रक्षा करती है।

## मंडला-मकरविलक्कू



मंगलवार को पंडालम के शाही प्रतिनिधि पुनार्थम नल नारायण वर्मा, पठानमथिट्टा में मंडला-मकरविलक्कू त्योहार के खत्म होने के मौके पर 18 पवित्र सीढ़ियों से नीचे उतर रहे हैं।

## आज की पाती

### बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट बंद हों

आज के अत्याधुनिक दौर में सोशल मीडिया का अनियंत्रित विस्तार न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए गंभीर मानसिक संकट का कारण बनता जा रहा है। इस तकनीकी उछाल ने इनसान को धीरे-धीरे मानसिक रूप से निर्बल बनाया है, साथ ही वह स्वाभाविक जीवन जीने की क्षमता भी खोता जा रहा है। सोशल मीडिया का सबसे अधिक विषैला प्रभाव बच्चों की कोमल मानसिकता पर पड़ रहा है। दुनिया के कई विकसित और प्रगतिशील देश बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कड़े कानून बना चुके हैं और कठोरता से लागू भी कर रहे हैं। वहीं भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार है। भारत में भी 16 साल तक के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट तुरंत बंद होने चाहिए।

*- अनिल पांडे, भिलाई*

## करंट अफेयर

### यरुशलम में संयुक्त राष्ट्र के कार्यालय गिराना शुरू

फलस्तीनियों को सहायता प्रदान करने वाले मानवीय समूहों पर प्रतिबंधों को कड़ा किए जाने के बीच इजराइल के कर्मचारियों ने पूर्वी यरुशलम में संयुक्त राष्ट्र के कार्यालय को बुलडोजर से गिराना शुरू किया। संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने 'एक्स' पर कहा कि इजराइली सेना ने संरा कार्यालय के कर्मचारियों के उपकरण जब्त कर लिए और उन्हें शेख जर्राह इलाके में स्थित इमारत से जबरन बाहर निकाल दिया। पोस्ट में कहा गया, यह न केवल यूएनआरडब्ल्यूए और उसके परिसर पर अभूतपूर्व हमला है



## ऑफ बीट

### कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक



अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है

## ट्रेंड

### नबीन को बधाई



नितिन नबीन संगठन की वैचारिक पृष्ठभूमि पर परिपक्व हैं और बिहार सरकार में कई बार मंत्री रहे हैं। संगठन के विभिन्न दायित्वों का उन्होंने एकनिष्ठता से निर्वहन किया है। ऐसे नौजवान, ऊर्जावान एवं प्रतिभावान अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के लिए बधाई।

-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### कार्यकर्ताओं की मेहनत



आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है, तो इसकी वजह हमारा प्रेरणादायी नेतृत्व है, हमारी विचारधारा और कार्यकर्ताओं की मेहनत है। वो कार्यकर्ता, जो कठिन से कठिन परिस्थिति में भी भारत का ध्वज झुकने नहीं देता है।

- पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री

### सत्र का घटता समय



देश में संसद व राज्य विधानमण्डलों के सत्र के घटते समय के साथ-साथ हर बार इनके भारी हंगामेदार एवं स्थगन आदि से इनकी जन उपयोगिता का घटता प्रभाव अक्सर गंभीर चिन्ता का विषय रहा है। इस पर सरकार और विपक्ष दोनों को अति-गंभीर होकर अमल भी जरूर करना चाहिये।

- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### पुलिसिया दुर्व्यवहार



प्रयागराज में माघ मेले के दौरान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ पुलिसिया दुर्व्यवहार और उनका अन्न-जल त्यागकर धरने पर बैठना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

## संक्षेप

### आदर्श समाज सेवा समिति पदाधिकारियों ने बीईओ को नव वर्ष की दी शुभकामनायें

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। आदर्श समाज सेवा समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि व वरिष्ठ पत्रकार संतोष मिश्रा के नेतृत्व मे खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम वर्मा से समिति पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान समिति पदाधिकारियों ने बीईओ श्री वर्मा को समिति कैलेन्डर व पेन-डायरी भेंटकर नववर्ष 2026 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री वर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए नववर्ष की शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बीईओ श्री वर्मा ने कहा कि नववर्ष नई चुनौती, नया संकल्प, नई ऊर्जा और नए अवसर लेकर आता है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच और मजबूत इरादे के साथ सभी शिक्षक/ शिक्षामित्र/ अनुदेशक एवं बेसिक शिक्षा परिषद से जुड़े सभी शैक्षणिक कर्मियों से निपुण प्रदेश-निपुण ब्लॉक के सर्वांगीण विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इस मौके पर विनोद गिरि, अरविन्द वर्मा, अनिल वर्मा, बद्री सिंह, रमेश सोनकर, शैलेन्द्र कुमार, शाहिद हुसैन आदि उपस्थिति रहे।

### छात्राओं को सिखाए जा रहे जूडो-कराटे

#### स्कूलों के बाहर डायल 112 और एंटी रोमियो टीम रहती है तैनात

अमेठी , प्रदेश में योगी सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत छात्राओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत स्कूली छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए जूडो-कराटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, वहीं उनकी सुरक्षा के लिए स्कूलों के बाहर पुलिस बल तैनात रहता है। यह पहल जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में संचालित की जा रही है। प्रदेश सरकार के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान में, स्कूलों के खुलने और छुट्टी के समय डायल 112 की गाड़ियां और पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) टीमें तैनात रहती हैं। इसके अतिरिक्त, एंटी-रोमियो टीमें भी सार्वजनिक स्थानों और स्कूलों के बाहर लगातार गश्त करती हैं ताकि छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। सुरक्षा उपायों के साथ-साथ, महिला पुलिसकर्मी कॉलेजों और स्कूलों में जाकर छात्राओं से सीधा संवाद करती हैं। वे उन्हें किसी भी विषम परिस्थिति में पुलिस से मदद लेने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। जिले के सभी थानों में मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहाँ समर्पित महिला पुलिसकर्मी तैनात हैं। इन केंद्रों पर महिला अपराधों को लेकर संवेदनशीलता से कार्य किया जाता है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि हमारी पीआरवी टीमें स्कूल समय के दौरान हमेशा स्कूलों के बाहर तैनात रहती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिले के सभी थानों में मिशन शक्ति केंद्र बनाए गए हैं, जहाँ विशेष रूप से महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। ये टीमें महिला अपराधों के प्रति गंभीर रहती हैं और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर एंटी-रोमियो टीमें भी मौजूद रहती हैं।

# देश को आजादी दिलाने वाले महान सपूत थे सुभाष चन्द्र बोसः आलोक जिंदल

## चहलवा में धूमधाम से मनाई गई नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। बलहा विधानसभा क्षेत्र में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने नेताजी को देश की आजादी का नायक बताते हुए युवाओं को उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया।23 जनवरी को ग्राम पंचायत चहलवा के मजरा सिरसियनपुरवा में आजादी के परवाने नेताजी सुभाष चंद्र बोस का 129वां जन्मदिवस बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों, महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया, जो देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत था। इस अवसर पर मछुआ समुदाय के लिए सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की औपचारिक शुरूआत भी की गई जिससे स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।कार्यक्रम का शुभारंभ नेताजी के चित्र पर मुख्य अतिथि बलहा विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ,विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त उपजिलाधिकारी संजय कुमार तथा सामाजिक कार्यकर्ता जंग हिंदुस्तानी ने भी पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला ग्राम प्रधान श्रीमती रूना निषाद ने की संचालन प्रधान प्रतिनिधि प्रीतम निषाद ने किया। मुख्य अतिथि आलोक जिंदल ने अपने संबोधन में कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' के नारे से प्रेरित होकर देश को आजादी दिलाने वाले महान सपूत थे। हमें उनके जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने मछुआ समुदाय के लिए शुरू की गई योजनाओं जैसे मत्स्य पालन के लिए सब्सिडी, उपकरण वितरण और प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि ये योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेंगी और समुदाय को आत्मनिर्भर बनाएंगी। विशिष्ट अतिथि पूर्व उप जिलाधिकारी संजय कुमार ने नेताजी के जीवन चरित्र पर चर्चा करते हुए कहां की नेताजी का देश की आजादी में बहुत बड़ा योगदान रहा।सरकारी योजनाओं के लाभों पर प्रकाश डाला और ग्रामीणों को आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। सामाजिक कार्यकर्ता जंग हिंदुस्तानी ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण संरक्षण और समुदाय एकता पर जोर दिया, जबकि अन्य वक्ताओं लल्लन साहनी, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि राजेंद्र भगत और मनोज मौर्य ने नेताजी के बलिदान को याद करते हुए युवाओं को देशसेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति गीत गाए गए और कविताएं सुनाई गई, जिससे माहौल और भी उत्साही हो गया।ग्राम प्रधान श्रीमती रूना निषाद ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाते हैं और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सहायक होते हैं। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना की और भविष्य में ऐसे और आयोजनों की मांग की। यह उत्सव न केवल नेताजी की स्मृति को जीवंत करता है, बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस अवसर पर चहलवा ग्राम पंचायत के सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित रहे।

# पार्वती पब्लिक स्कूल जमुनहा में धूमधाम से मनाया गया बसंत पंचमी महोत्सव

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, जमुनहा। पार्वती पब्लिक स्कूल जमुनहा, रुपईडीहा में बसंत पंचमी का पावन पर्व भव्य एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विधिविधान से मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम के दौरान सरस्वती वंदना, आरती एवं दीप प्रज्वलन किया गया, जिसमें विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र मिश्रा एवं उप प्रधानाध्यापिका मंदाकिनी मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षिकाएं स्मृति मिश्रा, तनु कौर, आरती, जसप्रीत, अंजलि, उत्प्रीत, सायमा, आंचल, परमीत, आफरीन, निधि सहित शिक्षक ईश्वर एवं पृथ्वीराज मिश्रा उपस्थित रहे।



सभी ने मिलकर मां सरस्वती की आरती एवं प्रार्थना की। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भी पूरे श्रद्धा भाव के साथ सरस्वती पूजा में भाग लिया। विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा। प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र मिश्रा ने विद्यार्थियों को ज्ञान, विद्या एवं संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान और नई ऊर्जा का प्रतीक है।पूरे विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयास से यह आयोजन उत्साहपूर्वक, शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# नवासे रसूल इमाम हुसैन के जन्मदिन पर रुपईडीहा में लगाई गई सबील




अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा बहराइच। इस्लाम धर्म के आखिरी नबी हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के नवासे हजरत इमाम हुसैन रजी0 के जन्मदिन के शुभ अवसर पर शुक्रवार को रूपईडीहा के स्टेशन रोड स्थित रिजवी क्लॉथ स्टोर के सामने सबील लगाई गई। जिसमें आने जाने वाले राहगीरों को पानी और काफी पिलाई गई। रिजवी क्लास स्टोर के मालिक जाफर इमाम रिजवी, हैदर इमाम रिजवी तथा सभासद एवं पत्रकार रजा इमाम रिजवी ने बताया कि हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन रजी0 की जन्मदिन के शुभ अवसर पर यह सबील लगाया गया है जिसमें रूपईडीहा में आने वाले सभी आगंतुकों को मुफ्त में पानी और काफी पिलाई जा रही है। इस अवसर पर हाजी अब्दुल रहीम, नौशाद हुसैन, निजामुद्दीन, अमीरअली, एडोकेट मो अय्यूब, एखलाक हुसैन आदि उपस्थित रहे।

# रूपईडीहा पुलिस व एसएसबी की सीमा पर संयुक्त कार्रवाई

## चरस के साथ दो नेपाली महिलाएं गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर




रूपईडीहा, बहराइच।आगामी गणतंत्र दिवस के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, साथ ही मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से जनपद बहराइच में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। संयुक्त टीम द्वारा बृहस्पतिवार को रात्रि लगभग 10 बजकर 44 मिनट पर पिलर संख्या 651/4, ग्राम जमुनहा, थाना रूपईडीहा क्षेत्र से एक महिला अभियुक्ता सरिता शाह पत्नी नन्दराम शाह, पुत्री भीम बहादुर सिंह, निवासी रग्दा नं-01, जिला रुकुम, राष्ट्र नेपाल, उम्र लगभग 42 वर्ष को 1.114 किलोग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना रूपईडीहा पर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया। इसी क्रम में भारत-नेपाल सीमा पर स्थित पिलर संख्या 651/11 के पास से पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने एक अन्य महिला अभियुक्ता लक्ष्मी कुमारी शाह पत्नी राजू बुद्धा, निवासी सूरखेत वार्ड नं-03, जिला सूरखेत, राष्ट्र नेपाल, उम्र लगभग 33 वर्ष को 1.129 किलोग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया। उक्त मामले में भी थाना रूपईडीहा पर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार दोनों अभियुक्ताओं के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर उन्हें माननीय न्यायालय जनपद बहराइच के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाइयाँ आगे भी लगातार जारी रहेंगी।

# सुने पड़े घर में चोरों ने ताला तोड़कर कीमती सामान किया पार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। थाना अचलगंज क्षेत्र में सूने पड़े बंद घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ चोर इत्मीनान से घर का सारा सामान पार कर ले गए।मोहल्ले वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की है। गृह स्वामी के वापस लौटने के बाद चोरी गए सामान की जानकारी हो पाएगी। अचलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रानीगंज निवासी जगन्नाथ पाल गुजरात प्रांत के सूरत में नौकरी करते है मौजूदा समय परिवार के साथ वहीं रह रहे है। बीती रात अज्ञात चोरों ने गांव में स्थित पक्के मकान के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ अंदर चले गए।जहां चार कमरों में लगे तालों को तोड़ कमरे में रखी दो आलमारी, चार बक्से, बेड बॉक्स को तोड़ उसमें रखा जेवर, कपड़े, बर्तन व अन्य महंगी सामान पार कर ले गए। सुबह मोहल्ले वालों ने घर के मुख्य गेट का ताला टूटा देखा तो हड़कंप मच गया। घर के सभी कमरों व उसमें रखे बक्सों ताले टूटे पड़े थे आलमारी में रखे कपड़ा जेवर के डिब्बे अन्य सामान बिखरी पड़ी मिली।जिसे देख कर प्रतीत होता है कि चोरों ने इत्मीनान से घटना को अंजाम दिया है।मोहल्ले वालों ने गृह स्वामी गंगासागर व पुलिस को दूरभाष से घटना की जानकारी दी है जिसपर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद चोरी गए सामान की सूची मांगी है सूचना के बाद गृह स्वामी सूरत से घर को निकले है आने के बाद चोरी गए सामान और उसकी कीमत की जानकारी मिल पाएगी।इंस्पेक्टर बृजेश शुक्ल ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है।

# झलोतर माइनर की खादी कटने से 50 बीघा फसल जलमग्न

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के झलोतर माइनर में गुरुवार देर रात पहाड़पुर गांव के निकट पुलिया के पास खादी कट जाने से किसानों की लगभग 50 बीघा सरसों और गेहूं की फसल जलमग्न हो गई। शुक्रवार सुबह जब किसान रोजाना की तरह खेतों की ओर टहलने निकले तो फसलों में भरा पानी देखकर उनके होश उड़ गए।सूचना पाकर मौके पर दर्जनों किसान पहुंचकर फावड़े से खादी को बांधने का प्रयास किया लेकिन पानी का तेज बहाव होने के कारण किसानों को सफलता नहीं मिली जिसके बाद किसानों ने तुरंत जेसीबी मशीन मंगवाई और आपसी सहयोग से खादी को बंधवाने का कार्य शुरू कराया। कड़ी मशक्कत के बाद खादी को अस्थायी रूप से बंद किया जा सका, तब जाकर खेतों में पानी का बहाव रुका। इसके बाद किसानों ने राहत की सांस ली, हालांकि तब तक फसलों को भारी क्षति हो चुकी थी।किसानों में शोभित, प्रमोद, रामनरेश, फत्ती, अंकुश, रामपाल, बन्ना आदि किसानों ने नहर विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि झलोतर माइनर की सफाई सही ढंग से नहीं हुई जिससे पानी टेल तक नहीं पहुंचता है पानी का दबाव अधिक होने के कारण कई सालों से इसी स्थान पर खादी कट जाती है। कई बार इसकी मरम्मत की मांग की गई थी, लेकिन समय रहते कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन कराने और उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# रिंकू सिंह की बहन के 'अंधभक्त' पोस्ट पर हंगामा

## विवाद बढ़ा तो भाई बोला- फर्जी अकाउंट, नेहा ने पोस्ट नहीं किया

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ , क्रिकेटर रिंकू सिंह की बहन नेहा सिंह के नाम पर बने एक फेसबुक अकाउंट से किए पोस्ट पर बवाल हो गया। पोस्ट में रिंकू के भगवान की अक वीडियो को लेकर उठे विवाद को लेकर माफी मांगी गई। पोस्ट में करणी सेना को आड़े हाथ भी लिया गया। लिखा गया- 'कुछ दिन पहले मोदी जी ने हनुमान जी को पतंग बनाकर उड़ाया था, तब किसी के मुंह से कुछ नहीं निकला। ये अंधभक्त हैं।' इस पर करणी सेना ने एतराज जताया और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। बता दें कि मोदी ने जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के साथ 12 जनवरी को साबरमती रिवर फ्रंट पर 'अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव 2026' में हनुमानजी की तस्वीर वाली पतंग उड़ाई थी। मामला बढ़ा तो रिंकू के बड़े भाई सोनू सिंह ने सामने आए। उन्होंने दैनिक भास्कर से कहा- जिस अकाउंट से पोस्ट किया गया, वह फर्जी है। नेहा ने तीन महीने पहले अपने ओरिजिनल अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उसने पूरी बात स्पष्ट की है। रिंकू का अकाउंट भी 2017झ18 में हैक कर लिया गया था। मैंने इस बारे में मेटा और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अभी तक अकाउंट बंद नहीं हुआ है।

### पहले रिंकू के पोस्ट के बारे में जान लीजिए...

दरअसल, रिंकू ने अपने फेसबुक अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया था। इसमें भगवान को अक अवतार में दिखाया गया था। वीडियो में रिंकू क्रिकेट के मैदान पर शॉट लगाते दिख रहे थे। कैप्शन लिखा था- तुम्हें क्रिकेटर किसने बनाया। अगली फुटेज में थार कार में बैठे भगवान शिव, हनुमान, विष्णु और गणेश दिखाई देते हैं। सभी काला चश्मा लगा रखा है। बजरंगबली कार चला रहे हैं। बैकग्राउंड में अंग्रेजी गाने बज रहे हैं। इसे लेकर अलीगढ़ में करणी सेना ने रिंकू के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। विवाद बढ़ने के बाद क्रिकेटर रिंकू सिंह ने वीडियो को सोशल मीडिया अकाउंट से हटा दिया हैनेहा सिंह ने मंगलवार को अपने फेसबुक अकाउंट पर एक फोटो शेयर की। इस फोटो में रिंकू सिंह के विवादित वीडियो से जुड़े स्क्रीनशॉट लगाए गए हैं। बीच में रिंकू की तस्वीर है, जबकि एक तरफ पतंग उड़ाते पीएम मोदी और दूसरी तरफ हनुमान जी की तस्वीर वाली पतंग की फोटो लगी है।

# एसपी राजेश द्विवेदी ने दिलाई मतदाता शपथ

## शाहजहांपुर में अधिकारियों-कर्मचारियों ने लिया निष्पक्ष मतदान का संकल्प

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई। इस दौरान सभी ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने, निष्पक्ष और निर्भीक मतदान करने तथा समाज के हर व्यक्ति को जागरूक करने का संकल्प लिया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता एसपी राजेश द्विवेदी ने की। इसमें अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी सदर और क्षेत्राधिकारी नगर सहित जनपद के विभिन्न थानों व शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता जागरूकता, सशक्त लोकतंत्र और स्वतंत्र-निष्पक्ष मतदान के संकल्प को बढ़ावा देना था। शपथ ग्रहण के माध्यम से पुलिस बल में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जिम्मेदारी, जागरूकता और नैतिक दायित्वों के निर्वहन का संदेश प्रसारित किया गया। सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करने और दूसरों को भी प्रेरित करने का संकल्प लिया। अपने संबोधन में एसपी राजेश द्विवेदी ने कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य के निर्माण का महत्वपूर्ण दायित्व है। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस विभाग कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता अभियानों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को मजबूत करने की अपील की।जिले के अन्य थानों में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। सदर थाना प्रभारी बृजेश सिंह, रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार और चौक कोतवाली प्रभारी अश्वनी सिंह ने अपने-अपने थानों के सभी कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरनंद के शिष्यों से मारपीट

## मेला प्राधिकरण ने 'शंकराचार्य' लिखने पर दिया नोटिस, प्रतापगढ़ में परिजनों ने किया विरोध

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , संगम की रेती पर चल रहे विवाद के बीच शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरनंद सरस्वती के शिष्यों के साथ कथित तौर पर मारपीट की घटना सामने आई है। उन्हें गंगा स्नान से भी रोका गया। इसी क्रम में, प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने उन्हें 'शंकराचार्य' लिखने पर नोटिस जारी किया है। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरनंद सरस्वती का पैतृक गांव प्रतापगढ़ की पट्टी तहसील का ब्राह्मणपुर है। उनके परिजनों ने इस पूरे मामले पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। परिजनों ने शंकराचार्य के साथ हुए इस आचरण को अनुचित बताया है। उनका कहना है कि शंकराचार्य को गंगा स्नान से नहीं रोका जाना चाहिए था और शिष्यों के साथ मारपीट की घटना निंदनीय है। क्षमा मांगने की मांग की उन्होंने प्रशासन से तत्काल शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरनंद सरस्वती से क्षमा मांगने और उन्हें गंगा स्नान कराने की मांग की। मेला प्राधिकरण द्वारा अविमुक्तेश्वरनंद के नाम के आगे 'शंकराचार्य' लिखने पर सवाल उठाने और नोटिस दिए जाने पर, उनके भतीजे जयराम पांडे ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मेला प्राधिकरण को शंकराचार्य को नोटिस देने का कोई अधिकार नहीं है। कोर्ट के आदेश की अवहेलना नहीं जयराम पांडे ने बताया कि जिस सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देकर नोटिस दिया गया है, वह स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के निधन के बाद अविमुक्तेश्वरनंद सरस्वती के विधि-विधान से शंकराचार्य बनाए जाने के बाद का है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शंकराचार्य बनने के बाद कोर्ट ने रोक लगाई थी, लेकिन इसमें सुप्रीम कोर्ट के आदेश की कोई अवहेलना नहीं दिखती।

# ट्रक ने श्रद्धालुओं की कार को टक्कर मारी, 13 घायल

## प्रतापगढ़ में हुआ हादसा, गंगा स्नान से लौट रहे 10 श्रद्धालु मेडिकल कॉलेज भर्ती

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, सुखपाल नगर बाईपास पर एक बेकाबू ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरी स्कॉर्पियो को टक्कर मार दी। इस हादसे में बच्चों सहित 10 श्रद्धालु और कुल 13 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। क्रेन की सहायता से पलटी हुई कार को हटाकर आवाजाही बहाल किया गया। घायल श्रद्धालु मध्य प्रदेश के रीवा जिले के खटकर निवासी हैं। 42 वर्षीय अमृतलाल गुप्ता अपने परिवार के साथ गंगा स्नान के लिए प्रयागराज आए थे। स्नान के बाद वे मानगढ़ धाम दर्शन करने गए और वहां से अयोध्या दर्शन के लिए जा रहे थे। सुखपाल नगर बाईपास के पास सामने से आ रहे एक ट्रक ने उनकी स्कॉर्पियो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, जिसे सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े। घायलों में अमृतलाल, उनकी 12 वर्षीय बेटी श्रेया गुप्ता, बेटा श्रेयांश गुप्ता, सात वर्षीय पुष्पेंद्र, 38 वर्षीय पत्नी सविता गुप्ता, परिवार के 42 वर्षीय श्रीराम गुप्ता, 39 वर्षीय कंचन गुप्ता, 15 वर्षीय गोल्डी गुप्ता, 13 वर्षीय श्रेयांशी गुप्ता और 12 वर्षीय शुभ गुप्ता शामिल हैं।

## संक्षेप

### पुलिस ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष को हिरासत में लिया

**सोनू कश्यप हत्याकांड को लेकर ज्ञापन सौंपना चाहते थे लव कश्यप**

बागपत , उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के बुधवार को दौरे के दौरान प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। इस दौरान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सहित कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और बस अड्डे का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक भी की। उपमुख्यमंत्री करीब पांच घंटे से अधिक समय तक बागपत में रहे। इधर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष और उनके समर्थक उपमुख्यमंत्री से मुलाकात कर सोनू कश्यप हत्याकांड सहित विभिन्न मुद्दों पर ज्ञापन सौंपना चाहते थे। लेकिन पुलिस ने कलेक्ट्रेट सभागार की ओर जा रहे कांग्रेस नेताओं, कार्यकताओं और विभिन्न समाज के लोगों को गौरीपुर मोड़ से हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए लोगों में कांग्रेस नेता सुशील त्यागी सिंगोली तगा भी शामिल थे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष लव कश्यप ने आरोप लगाया कि उन्हें उपमुख्यमंत्री से मिलने नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि सोनू कश्यप हत्याकांड में जब तक पीड़ित परिवार को न्याय और उचित मुआवजा नहीं मिलता, तब तक कांग्रेस का विरोध जारी रहेगा। लव कश्यप ने पुलिस कार्रवाई को ₹खराब रवैया₹ बताते हुए कहा कि जनता सब कुछ देख रही है और इसका असर आने वाले चुनावों में जरूर दिखाई देगा। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक हापुड़ के लिए रवाना हो गए।

### प्रतिबंधित घोड़ा बग्गी दौड़,3 दिन बाद भी कोई गिरफ्तारी नहीं

**पुलिस जांच में जुटी, गिरफ्तारी के लिए दे रही दबिश**



बागपत , उत्तर प्रदेश के बागपत में दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर प्रतिबंधित घोड़ा बग्गी दौड़ का आयोजन किया गया था। इस दौड़ में मेरठ और बागपत के दर्जनों लोग शामिल हुए थे, जहां हार-जीत पर सट्टा लगाया गया था। घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रतिबंधित दौड़ आयोजित करने वालों की तलाश शुरू कर दी है। हालांकि, तीन दिन बीत जाने के बाद भी इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। यह दौड़ बागपत में हाईवे पर आयोजित की गई थी, जिसमें मेरठ और बागपत के प्रतिभागी शामिल थे। दो घोड़ा बग्गियों को दौड़ाया गया और उन पर सट्टा भी लगाया गया था। तीन दिन बीत जाने के बावजूद, पुलिस ने इस प्रतिबंधित दौड़ और पशु क्रूरता के मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की है। इस मामले में आयोजक असलम सहित 40 से 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन छानबीन की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बागपत कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने पुष्टि की है कि जांच जारी है और इस मामले में शीघ्र ही गिरफ्तारियां होंगी।

# गायत्री माता मंदिर में हुआ हवन एवं हुई पूजा अर्चना

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत श्री राम जानकी वार्ड नंबर 10 में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर शुक्ला परिवार के मुख्य आयोजक देवनारायण शुक्ल, एवं शुक्ला परिवार के द्वारा गायत्री माता मंदिर में हवन एवं पूजा अर्चना विधि विधान से सैकड़ो महिलाओं द्वारा किया गया। आपको बताते चले इस गायत्री माता मंदिर की स्थापना लगभग 5 साल हो गए हैं। इस जमीन को शुक्ला परिवार द्वारा मंदिर के नाम पर दान किया था। यह गायत्री माता का मंदिर बनकर तैयार होने में काफी काम बाकी है। इस कार्य को आगे बढ़ाने में भारत नेपाल के नगर वासी सम्मानित

भक्तगणों मे अपना भक्ति भाव से अमूल्य समय निकालकर तन मन धन से जो जिससे जो बन पड़ा सहयोग करने में पीछे नहीं रहा। ज्ञातव्य हो कि पुरुषों एवं महिलाओं द्वारा गायत्री माता का हवन किया, हवन पूर्ण होने के तुरंत बाद एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। सैकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुषों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस शुभ अवसर पर मुख्य आयोजक देवनारायन शुक्ल, अरविंद शुक्ल, संतोष शुक्ल, राम गोपाल शुक्ल, शिवपाल शुक्ल, महेंद्र शुक्ल, बबलू शुक्ल, राघवेंद्र शुक्ल, रिक्की, शुक्ल, शुभम शुक्ल, सोनू शुक्ल, बृज नरेश श्रीवास्तव, विवेक शुक्ल, पिंटू अवस्थी किशोरी लाल विश्वकर्मा निर्मला देवी गुप्ता, सीतादेवी गुप्ता, मीना गुप्ता, पार्वती वर्मा, आदि सैकड़ो महिलाओं एवं पुरुषों भागीदारी और उपस्थिति रही। अंत में इसके मुख्य आयोजक देवनारायण शुक्ल नें सभी का आभार व्यक्त किया और साथ-साथ सभी भक्तजनों से हाथ जोड़कर अपील किया कि गायत्री माता का मंदिर बनवाने के लिए जो भी हो सके सभी भक्तगण इसमें सहयोग करें और पुण्य के भागीदार बने। इस पर सभी ने समर्थन किया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान मजदूर की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव छेद्दू का डेरा मजरे ग्राम पंचायत सरहन बुजुर्ग निवासी 55 वर्षीय किसान मजदूर रमाकांत निषाद पुत्र गोकुल की एक अज्ञात वाहन द्वारा भीषण टक्कर देने से मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार मजदूर किसान लगान रूप में लिए खेतों में पानी लगाने गया था ठंड के कारण बचाव हेतु खेत के किनारे आग जलाकर राहत की सांस ले रहा था तभी सामने से एक अनियंत्रित दुग्ध वाहन ने भीषण टक्कर मार दी टक्कर मारकर गाड़ी चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया वहीं कुछ समय पश्चात मार्ग से निकले दूधिया जगदीश निवासी गांव भगलापुर ने किसान को गंभीर अवस्था में देखा दूधिया जगदीश द्वारा परिजनों को सूचना दी गई जहां घटनास्थल पर पहुंचे परिजन तत्काल मजदूर किसान को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली ले गए हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के पश्चात चिकित्सकों ने घायल को कानपुर हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वहीं कानपुर ले जाते समय मध्य रास्ते में ही किसान की सांसे थम गई यह देख समूचे परिवार में कोहराम मच गया सूचना पाकर पहुंचे थाना प्रभारी विनोद पटेल अमौली चौकी प्रभारी दिग्विजय सिंह आदि ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए खोजबीन प्रारंभ की वही संदेह के आधार पर निकली एक पिकअप वाहन को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई जहां जानकारी मिली कि वास्तव में पकड़ी गई पिकअप वाहन द्वारा ही किसान मजदूर की मौत हुई है प्रशासन ने गाड़ी को हिरासत में ले लिया तथा मृतक का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए शव विच्छेदन के लिए रवाना किया आकस्मिक घटना से मृतक किसान की पत्नी यशोमती पुत्र संदीप जयदीप पुत्री आरती समेत पूरा परिवार गमगीन हो उठा

# सीएम से मिली मृतक सोनू कश्यप की बहन

**कहा- दोषी बख्शा नहीं जाएगा, मेरठ के ज्वालागढ़ में नाबालिग ऑटोचालक ने की थी हत्या**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , सरधना थानाक्षेत्र के ज्वालागढ़ गांव में मृतक सोनू कश्यप के परिजनों ने सीएम मुख्यमंत्री से मुलाकात की है। यूपी सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मंत्री नरेंद्र कश्यप के साथ पीड़ित सीएम से मिलने पहुंचे ।सीएम ने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। पीड़ित परिवार से मृतक सोनू कश्यप की बहन आरती, दीपांशी, इंद्रपाल कश्यप, नरेश और रामकुमार कश्यप सहित अन्य परिजन पहुंचे। पीड़ित परिवार ने कहा कि सोनू कश्यप के हत्यारों को कठोरतम सजा दी जाए। सीएम ने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया है। सीएम योगी ने कहा कि इस जघन्य अपराध में कोई भी दोषी व्यक्ति बख्शा नहीं जाएगा और न्याय सुनिश्चित किया जाएगा। पीड़ित परिवार की आर्थिक तंगी को देखते हुए मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने अपने निजी स्तर से एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की, जिससे परिवार को तत्काल राहत मिल सके। ये थी पूरी घटना5 जनवरी 2026 को मुजफ्फरनगर निवासी सोनू कश्यप को मेरठ के ज्वालागढ़ में हत्या कर दी गई थी। घटना के संबंध में थाना सरधना में एफआईआर संख्या 0009/2026, धारा 103(1) एवं 238 भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) 2023 के अंतर्गत पंजीकृत की गई थी। प्रारंभ में विवेचना थाना सरधना के माध्यम से की जा रही थी, किंतु पीड़ित परिवार द्वारा विवेचक पर अविश्वास व्यक्त किए जाने के उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मेरठ द्वारा विवेचना अधिकारी को बदलते हुए जांच क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई है

जिससे निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित हो सके।

# कारोबारी की बेटियों और बेटे को बंधकर बनाकर डकैती

**मेरठ में डेढ़ घंटे तक आलमारी-बक्से तोड़ते रहे, कटर से काटे पहने हुए गहने**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , बदमाशों ने कारोबारी के परिवार को बंधक बनाकर 10 लाख रुपए की नकदी और गहने लूट लिए। 6-7 बदमाश हथियार लेकर छत के रास्ते से घर में घुसे। असलहे के दम पर परिवार के लोगों को बंधक बनाकर सभी के मोबाइल फोन छीन लिए। करीब डेढ़ घंटे तक पूरे घर को खंगालते रहे। बदमाशों ने घर के सभी बक्से और आलमारियों को तोड़-तोड़कर गहने और नकदी लूट लिए। लूट के बाद बदमाशों ने परिवार वालों को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद पीड़ित परिवार किसी तरह बाहर आया। पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। पुलिस, फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंची। आसपास के लोगों से पूछताछ कर सबूत जुटाए। मामला मुंडाली थाना क्षेत्र के खरखोदा गांव का है। एक नजर वारदात पर मुंडाली गांव के मोहल्ला भूड़वाला में झूमर कारोबारी जहांगीर परिवार के साथ रहते हैं। जहांगीर ने घर के बराबर में ही कारखाना बनाया हुआ है। मंगलवार रात परिवार घर और जहांगीर कारखाने में सोए हुए थे। अल सुबह करीब 3 बजे तीन से चार हथियार बंद बदमाश मकान के एक जंगले के सहारे छत पर पहुंच गए। यहां कमरे में सो रहे जहांगीर के बेटे साजिन को बदमाशों ने गन पॉइंट पर लेकर बंधक बना लिया। इसके बाद दो बदमाश नीचे पहुंचे। वहां सो रही जहांगीर की पत्नी शहाना व बेटी के हाथ पैर बांधकर उन्हें भी बंधक बना लिया।

### डेढ़ घंटे तक जमकर की लूटपाट

पूरे परिवार को गोली मारने की धमकी देते हुए बदमाशों ने मुंह बंद रखने को मजबूर कर दिया। इसके बाद इत्मीनान के साथ डेढ़ घंटे तक पूरे घर को खंगाल दिया। बताया जाता है कि बदमाशों ने शहाना से अलमारी की चाबी भी मांगी थी, लेकिन उन्होंने चाबी पति के पास होने की बात कह कर टाल दिया। इसके बाद बदमाशों ने अलमारी का एक-एक लॉक तोड़ दिया। लाखों की नगदी और बेटी की शादी के लिए बनवा कर रखे गए सोने व चांदी के जेवरात समेटकर बदमाश फरार हो गए। दिन निकलने पर परिवार ने मचाया शोरधीरे-धीरे दिन निकलने लगा। पूरा परिवार दहशत में था। बदमाशों को गए हुए जब काफी देर हो गई

# परीक्षितगढ़ में तेंदुआ की तलाश जारी

**3 दिन से जंगल में खाक छान रहीं वन विभाग की टीमें, अभी तक नहीं चला पता**



अमन लेखनी समाचार

मेरठ , परीक्षितगढ़ थानाक्षेत्र में अब तक वनविभाग की टीम को तेंदुआ नहीं मिला है। पिछले 3 दिनों से वनविभाग की टीम परीक्षित गढ़ अगवानपुर में खाक छान रहीं हैं। बता दें कि दो दिन पहले अगवानपुर का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें तेंदुआ यूकेलिप्टस के पेड़ से उतरकर पास के खेत में कूदते हुए भागता नजर आ रहा है। यह वीडियो गांव अगवानपुर क्षेत्र की बताई जा रही है। हालांकि वन विभाग की टीम को कांबिंग के दौरान तेंदुए की मौजूदगी के पुख्ता प्रमाण नहीं मिले हैं, लेकिन लगातार सामने आ रही वायरल वीडियो ने ग्रामीणों और किसानों की चिंता बढ़ा दी है। तीन दिन पहले पुलिस जीप के सामने तेंदुए के आने की वीडियो भी वायरल हुई थी, जबकि छह माह पूर्व नारंगपुर-अमरसिंहपुर में खेत की समाधि पर बैठे तेंदुए की फुटेज सामने आई थी। इसके बावजूद विभाग इनकार करता रहा है। तीन दिनों से टीमें यहां तेंदुए की तलाश में लगी हैं लेकिन अब तक उन्हें तेंदुआ नहीं मिला है।

# कफ सिरप की तस्करी करने वाला गिरफ्तार

**तस्करी के लिए ट्रक उपलब्ध करता था, चावल-चीनी के बीच छुपाकर करते थे तस्करी**

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद में स्वाट टीम और क्राइम ब्रांच ने प्रतिबंधित कफ सिरप की कालाबाजारी से जुड़े एक अंतर्राज्यीय गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी मध्य प्रदेश का रहने वाला है और लंबे समय से तस्करी नेटवर्क से जुड़ा हुआ था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कफ सिरप तस्करी के मामले में फरार आरोपी मेरठ रोड नए बस अड्डे के पास आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर कमल मौर्य (40) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी फिलहाल भोपाल जिले में रह रहा था, आरोपी मूल रूप से नर्मदापुरम (हौशंगाबाद) का रहने वाला है। पूछताछ में कमल मौर्य ने बताया कि वह पिछले करीब दस सालों से ट्रांसपोर्ट लाइन में काम कर रहा था। इसी दौरान उसका संपर्क मध्य प्रदेश के मंडला जिले के एक व्यक्ति से हुआ, जिसने उसे कफ सिरप की तस्करी में शामिल किया। आरोपी ने बताया कि वह मांग के अनुसार ट्रक उपलब्ध कराता था, जिनमें चूना, चावल, नमकीन, चिप्स और गेहूं जैसे सामान के बीच प्रतिबंधित कफ सिरप छिपाकर भेजा जाता था। आरोपी गाजियाबाद के मछली गोदाम क्षेत्र से जुड़े कुछ ट्रांसपोर्टरों के संपर्क में भी था, जिनके जरिए यह अवैध कारोबार चलाया जा रहा था। ट्रक उपलब्ध कराने के बदले उसे मोटा कमीशन मिलता था। कमल मौर्य पहले से एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में भी आरोपी है। फिलहाल उससे पूछताछ जारी है और उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

# एसएचओ से बोले महानगर अध्यक्ष, दिमाग ठीक कर दूंगा

**कहा- कार्यकताओं की बेइज्जती बर्दाश्त नहीं, डिप्टी सीएम के आने से पहले सर्किट हाउस में विवाद**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,महानगर अध्यक्ष एसएचओ से बोले- दिमाग ठीक कर दूंगा । तुम्हें बता रहा हूं बिल्कुल ठीक हो जाओ। कार्यकर्ताओं की बेइज्जती बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी। शोर सुनकर एसएचओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी वहां पहुंचे और स्थिति को संभाला। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक को शाम मेरठ सर्किट हाउस पहुंचना था। इसलिए काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनके स्वागत के लिए सर्किट हाउस पहुंच गई। कुछ पदाधिकारी अंदर हाल में जाकर बैठ गए। इंस्पेक्टर सिविल लाइन सौरभ शुक्ला ने कुछ पुलिस कर्मियों को अंदर भेज कर इन सभी पदाधिकारी को बाहर निकाल दिया। इसके बाद पदाधिकारी नाराज हो गए। उन्होंने महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी को फोन कर दिया।

आते ही एसएचओ पर भड़के विवेक रस्तोगी शिकायत मिलते ही महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी सर्किट हाउस पहुंच गए। वह सीधे उस दरवाजे पर पहुंच गए, जहां कार्यकर्ताओं को रोका गया था। पार्टी पदाधिकारियों ने जब उनसे शिकायत की तो वह भड़क गए। एसएचओ सिविल लाइन सौरभ शुक्ला वहां पहुंचे तो वह उन पर भी भड़क गए। महानगर अध्यक्ष एसएचओ से बोले- दिमाग ठीक कर दूंगा...। किसने सूची मांगी, तुम्हारे स्टाफ ने कैसे मांगी सूची। तुम्हें बता रहा हूं बिल्कुल ठीक हो जाओ। कार्यकर्ताओं की बेइज्जती बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी। चलो भई चलो, बाहर बैठेंगे यहां मैदान में।

### सीओ सिविल लाइन ने स्थिति को संभाला

इसके बाद महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी कार्यकर्ताओं के साथ हाल से बाहर निकल आए। सर्किट हाउस के मुख्य हाल के बाहर यह नोकझोंक हो रही थी। शोर सुनकर सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी वहां आ गए। उनके सामने भी महानगर अध्यक्ष रलळड सिविल लाइन को लेकर नाराजगी जताते दिखे। वह कार्यकर्ताओं को लेकर हाल के बाहर निकल आए। उड ने फिर उनसे बात की और डैमेज कंट्रोल का प्रयास शुरू कर दिया। सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी ने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिगत यह किया गया था। महानगर अध्यक्ष ने इंस्पेक्टर पर जानबूझकर कार्यकर्ताओं को बेइज्जत करने का आरोप लगाया ।किरकिरी के बाद दूर जाकर खड़ी हुई पुलिसमहानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी के व्यवहार से खलबली मच गई। कार्यकर्ताओं ने एक के बाद एक कई आरोप पुलिस पर लगाने शुरू कर दिए। जैसे तैसे स्थिति को संभाल गया। मामला पुलिस अफसरों तक भी पहुंचा, लेकिन किसी ने प्रतिक्रिया नहीं दी।

# नोएडा में ढाबा मालिक को बोनट पर डालकर घुमाया

**1.5 किमी तक बेटे ने किया पीछा, तीन गिरफ्तार, ढाबा पर हुआ था झगड़ा**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , सेक्टर-71 में जनता फ्लैट के बाहर चार युवकों ने ढाबा मालिक को बेटे के सामने पीटा। विरोध करने पर पीड़ित को कार के बोनट पर डालकर ले गए। बेटे ने बाइक से पीछा किया, तो करीब डेढ़ किलोमीटर तक कार दौड़ाने के बाद छोड़कर भाग गए। फेज-तीन थाना पुलिस ने चार में से तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। जनता फ्लैट में रहने वाले अमित कुमार ने पुलिस को बताया कि पिता रामदयाल मूलरूप से बस्ती जिले के रहने वाले हैं। पिछले कई सालों से नोएडा में परिवार सहित रह रहे हैं। वह सोसाइटी के निकट ही वेंडिंग जोन में ढाबा चलाते हैं। पिछले कुछ समय से उन्हें सोसाइटी में रहने वाले शिव राज गौर, सत्य प्रकाश तिवारी, दिनेश गौर और अंकुर मिश्रा परेशान करते हैं। वह ढाबा लगाने का विरोध करते हैं। चारों युवक कार लेकर उनके ढाबे पर सोमवार रात नौ बजे आए थे। युवक उनके पिता राम दयाल को ढाबा से बाहर निकलने और ढाबा बंद करने का दबाव देने लगे। आरोप है कि चारों युवक फिल्मी स्टाइल में बोले कि अब से सेक्टर के आसपास सारी दुकान उनके इशारे पर बंद होंगी और खुलेंगी। जिसका राम दयाल ने विरोध किया। इसके बाद कार से दो अन्य युवक उतरे और राम दयाल के साथ मारपीट शुरू कर दी।

# इंजीनियर की मौत के बाद 5 और बिल्डर पर मुकदमा दर्ज

**बिल्डरों पर पर्यावरण और जल प्रदूषण एक्ट में नया केस, जांच में तेजी**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 150 में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में जांच आगे बढ़ रही है। नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने इस प्रकरण में एक और एफआईआर दर्ज की है। यह मामला अब केवल हादसा या लापरवाही तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जल प्रदूषण से जुड़े गंभीर आरोपों के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने कुल पांच लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जांच में सामने आया है कि जिस स्थान पर युवराज की कार गिरी थी, वहां लंबे समय से निर्माण कार्य बंद पड़ा था। करीब पांच साल पहले यहां गहरे गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए थे। ये गड्ढे सड़क के बिल्कुल करीब थे, लेकिन इसके बावजूद न तो कोई बैरिकेडिंग की गई और न ही चेतावनी बोर्ड लगाए गए। अंधेरे और कोहरे के कारण यह स्थान जानलेवा साबित हुआ, जहां युवराज की कार नाले की दीवार से टकराकर 70 फीट गहरे पानी में जा गिरी, जिससे उनकी मौत हो गई। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में पर्यावरण संरक्षण और जल प्रदूषण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। दोनों बिल्डरों ने मिलकर पर्यावरण और जल प्रदूषण के नियमों का उल्लंघन किया, जिससे न केवल प्रदूषण फैला बल्कि आम नागरिकों की जान भी खतरे में पड़ गई। नई एफआईआर में अभय कुमार, संजय कुमार, मनीष कुमार, आंचल बोहरा और निर्मल कुमार को नामजद किया गया है।

# नोएडा हादसा के आरोपी बिल्डर को न्यायिक हिरासत में भेजा

**कोर्ट ने फटकार लगाई, पूछा- नाली और बैरिकेट के लिए कौन जिम्मेदार; पब का वीडियो वायरल**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,सेक्टर 150 में इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पड़ताल की। तथ्यों के साक्ष्य जुटाए। रकळ की रिपोर्ट में फॉरेंसिक के फैक्ट्स फाइंडिंग मामले में अहम भूमिका निभाएंगे। एसआईटी की टीम को 24 जनवरी तक सीएम को इस मामले की फाइनल रिपोर्ट सौंपनी है। इसके साथ ही युवराज की मौत के मामले में आज आरोपी बिल्डर अभय को फिर से न्यायिक हिरासत में भेजा गया। अब 27 को फिर पेश होगा। बता दें, कल ही बिल्डर को गिरफ्तार किया गया था। एक दिन की रिमांड खत्म होने के बाद आज आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इस मामले में लापरवाही को लेकर जमकर फटकार लगाया। कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए पुलिस को निर्देश दिया कि जांच में ये भी साफ होना चाहिए कि लापरवाही किसकी है। नाली अगर टूटी है तो उसका जिम्मेदार कौन है। इतना ही नहीं बैरिकेट अगर नहीं लगा है तो उसका जिम्मेदार कौन है। ये सब जांच का हिस्सा होना चाहिए। क्योंकि जब कुछ सालों से इसको लेकर शिकायत की जा रही थी, तो समय रहते कदम क्यों नहीं उठाया गया।

# बुन्देलखण्ड कुरैठा महोत्सव को लेकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व राजा भैया को दिया गया आमंत्रण

अमन लेखनी समाचार



गुरसराय। दिव्य प्रेम सेवा मिशन के सेवा प्रकल्पों को समर्पित बुन्देलखण्ड कुरैठा महोत्सव के आयोजन को लेकर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह ह्यराजा भैयाह्न को आमंत्रण पत्र प्रदान किया गया।दिव्य प्रेम सेवा मिशन झांसी अंचल के तत्वावधान में नावली सरकार आश्रम प्रांगण, कुरैठा में 1 फरवरी से 10 फरवरी तक आयोजित होने वाले श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ सप्ताह समारोह – बुन्देलखण्ड कुरैठा महोत्सव के निमित्त दिव्य प्रेम सेवा मिशन न्यास हरिद्वार के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. आशीष गौतम भैया, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य डॉ. जगदीश सिंह चौहान, जिला महामंत्री बद्री प्रसाद त्रिपाठी एवं बामौर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि केशव सिंह परिहार ने लखनऊ पहुँचकर दोनों वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रण पत्र सौंपा।कार्यक्रम के संयोजक डॉ. जगदीश सिंह चौहान ने बताया कि एक सप्ताह तक चलने वाले इस ज्ञान यज्ञ समारोह में श्री विष्णु महायज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा, सामूहिक कन्या विवाह, रामलीला, कवि सम्मेलन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन भव्य धार्मिक अनुष्ठानों के साथ होगा।दिव्य प्रेम सेवा मिशन न्यास हरिद्वार के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. आशीष गौतम भैया ने कहा कि धार्मिक आयोजन व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक एवं आमूलचूल परिवर्तन लाते हैं। धर्म के माध्यम से ही मानव जीवन सार्थकता की ओर अग्रसर होता है, क्योंकि धर्म के बिना जीवन अधूरा है। वहीं कार्यक्रम के सह संयोजक एवं बामौर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि केशव सिंह परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का वाचन कथावाचिका पूज्या साधना श्रीजी (देवी महेश्वरी) द्वारा किया जाएगा तथा श्री विष्णु महायज्ञ का संपादन यज्ञाचार्य पं. ज्ञानेन्द्र शास्त्री (अयोध्या धाम) के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न होगा।

# विशाल भंडारे का आयोजन हजारों ने चखा प्रसाद



अमन लेखनी समाचार

नसीराबाद रायबरेली/नगर पंचायत नसीराबाद में बृहस्पतिवार को शिव मंदिर पर बिशाल भंडारे का आयोजन किया गया सुबह से लेकर शाम तक भंडारा चलता रहा राहगीर और नगर के लोगों ने पहुंचकर प्रसाद के रूप में पूड़ी सब्जी और मिठाई का आनन्द लिया भंडारे में हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ जुटी रही और लोग लगातार प्रयाद ग्रहण करते रहे यह भंडारा प्रत्येक वर्ष किया जाता है बताया गया कि वर्षो पूर्व पावन धरती अयोध्या में पुरुषोत्तम राम भगवान की नगरी में राम भगवान की मूर्ति स्थापित और भव्य मंदिर के साथ उत्सव के उपलक्ष में प्रत्येक वर्ष 22 जनवरी को किया जाता है भंडारे में पूरी सब्जी और मिठाई की व्यस्था की गई भंडारे में युवा से लेकर बुजुर्ग महिला राहगीर ग्रामीण और नगरवासी जैसे पिंटू चौरसिया राजकुमार मौर्या मंशाराम मोर्या आलोक मोदनवाल सुनील आग्रही जितेन्द्र मोदनवाल मोलू कोटेदार राज अग्रहरी दीपक मौर्या मोहित अग्रहरी संतोष सोनी रंजीत चौरसिया आशूदीश चौरसिया मुकेश चौरसिया बासूदेव चौरसिया रामप्रसाद मौर्या प्नंश आग्रही राहुल मौर्या गंगासागर अग्रहरी आदि मौजूद लोगों ने बाखुबी भूमिका निभाई

# श्री गहोई वैश्य पंचायत द्वारा 29वां सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

**सिद्धेश्वर मंदिर विवाह वाटिका में 10 जोड़े बने परिणय सूत्र में बंधे**

अमन लेखनी समाचार






झाँसी। श्री गहोई वैश्य पंचायत झाँसी के तत्वावधान में 29वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आज सिद्धेश्वर मंदिर परिसर स्थित विवाह वाटिका में धार्मिक रीति-रिवाजों एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर 10 जोड़े विधिवत विवाह बंधन में बंधे। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों, वरिष्ठजनों, मातृशक्ति एवं युवाओं की बड़ी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गहोई वैश्य महासभा अध्यक्ष रामगोपाल छिरोलिया डललू भईया एवं महासभा महा मंत्री दीपक सांवला उपस्थित रहे। अतिथियों के आगमन पर तिलक व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया, तत्पश्चात वि ?धिवत कार्यक्रम की शुरूआत हुई। सुबह से ही आयोजन स्थल पर मांगलिक वातावरण बना रहा। परंपरागत सजावट, ढोल-नगाड़ों, मंगल गीतों एवं रस्मों के बीच नवदम्पतियों ने सात फेरे लेकर नए जीवन की शुरूआत की। समाजबंधुओं ने वर-वधुओं को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। सामूहिक विवाह सम्मेलन की व्यवस्थाओं को लेकर पूर्व में श्री गहोई वैश्य पंचायत की एक बैठक भी आयोजित की गई थी, जिसकी अध्यक्षता रामप्रकाश नाछोला ने की। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्व सौंपे गए। सामूहिक विवाह कार्यक्रम अध्यक्ष कमलेश सेठ रज्जू ने बताया कि सम्मेलन में 10 जोड़े विवाह बंधन में बंधें, जिनकी समस्त वैवाहिक सामग्री पंचायत की ओर से प्रदान की जाएगी। वहीं विशाल गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन में उपयोगी घरेलू सामग्री एवं उपहार भी प्रदान किए गए। समारोह में नवविवाहित जोड़ों को जरूरत के अनुसार एक्टिवा स्कूटर, एलईडी, वाशिंग मशीन, पलंग, फ्रिज, अलमारी, सिलाई मशीन, मिक्सर, सोफा सेट, ड्रेसिंग टेबल सहित अन्य घरेलू उपयोग की सामग्री प्रदान किए जाने की व्यवस्था रही। आयोजन में समाज के अनेक वरिष्ठजन एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से पंचायत अध्यक्ष प्रकाश चंद नागरिया, पंच हरिओम सेठ, राधेश्याम निखरा, रमेश सेठ, राजेन्द्र नगरिया, बृजेश बड़ोनिया, राजेन्द्र गेडा, अमित सेठ (सर जी), संजीव सोनी, उमेश गुप्ता, ओमप्रकाश बिशोरी, संजय डांगे, केदारनाथ पहाड़िया, डॉ. संदीप सरावगी, प्रदीप नगरिया, अरुण सेठ, ओमप्रकाश खांगट, अशोक बरसैंया, राकेश रावत, जे.पी. कटारे, भरत सेठ, अल्लू गांधी सहित अन्य समाजबंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित झाँसी के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ. संदीप सरावगी ने कहा ह्लसामूहिक विवाह सम्मेलन समाज की एकता, सेवा और संस्कारों का श्रेष्ठ उदाहरण है। आज के समय में जब विवाह आयोजनों में दिखावा बढ़ रहा है, ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। नव वर-वधुओं को मेरा आशीर्वाद है कि वे प्रेम, विश्वास और संस्कारों के साथ अपना जीवन सफल बनाएं। समाज के युवाओं को भी आगे आकर सेवा कार्यों में सहयोग करना चाहिए।ह्व कार्यक्रम का संचालन संरक्षक प्रकाश नेता द्वारा किया गया। अंत में आयोजक श्री गहोई वैश्य पंचायत झाँसी ने उपस्थित समस्त समाजबंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए नवदम्पतियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

# हाथीनाला पुलिस द्वारा गोवध एवं पशु क्रूरता अधिनियम से सम्बन्धित वांछित वारंटी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, भेजा गया मा0 न्यायालय

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल मार्गदर्शन/पर्यवेक्षण में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 22.01.2026 को प्रभारी निरीक्षक थाना हाथीनाला के नेतृत्व में गठित तलाश/वारंटी टीम द्वारा वांछित वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियान के अन्तर्गत मु0अ0सं0 13/2022, धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम, थाना हाथीनाला, जनपद सोनभद्र से सम्बन्धित वांछित/वारंटी अभियुक्त जगशाह सिंह पुत्र शिवराज सिंह, निवासी ग्राम बड़गड़, थाना मोरवा, जिला सिंगरौली, उम्र लगभग 50 वर्ष, को नियमानुसार गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।



# पिपरी पुलिस ने पीड़िता का फ्रॉड हुए 20,000/-रुपये कराए वापस

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा साइबर अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के दिशा- निर्देशन में थाना प्रभारी साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद सोनभद्र के कुशल नेतृत्व में थाना पिपरी साइबर टीम के द्वारा आवेदिका सुधा देवी पत्नी गनेश सिंह निवासिनी वार्ड न0 07 हिण्डालको कॉलोनी रेनूकूट थाना पिपरी जनपद सोनभद्र, के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फ्रॉड कर के धनराशि को ट्रांसफर करा लिया गया था। जिसके क्रम में त्वरित कार्यवाही करते हुये बैंक से पत्राचार करके फ्रॉड हुई धनराशि को होल्ड कराकर निर्धारित प्रारुप में नोटिस देकर कुल 20000/- रुपये को आवेदिक सुधा देवी के मूल खाते में सफलतापुर्वक वापस कराया गया। जिस पर आवेदिका द्वारा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के साथ साइबर क्राइम पुलिस थाना पिपरी के अधिकारी/कर्मचारीगण की भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी।

# शाहगंज पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रभावी अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (नगर/ऑपरेशन) एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल के कुशल निर्देशन में थाना शाहगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0झ्र 155/2025, धारा 70(1), 352, 351(2) बीएनएस व 3(2)(5)क, 3(1)(द)(ध) एससी/एसटी एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त संजय पटेल पुत्र स्व0 करीमन सिंह पटेल, निवासी कोहरौल, थाना शाहगंज, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 35 वर्ष, को दिनांक 21.01.2026 को हनुमान मंदिर तिराहा, शाहगंज से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

# मोंठ कस्बा में श्रीराम कथा अमृत वर्षा का भव्य शुभारंभ, कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब


अमन लेखनी समाचार



मोंठ। कस्बा मोंठ में आयोजित श्रीराम कथा अमृत वर्षा का भव्य शुभारंभ गुरुवार को विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। धार्मिक उल्लास और भक्तिभाव से ओत-प्रोत इस आयोजन में कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कथा के अध्यक्ष वामन मंदिर पीठाधीश्वर वैदेही बल्लभ जी तथा सुप्रसिद्ध कथावाचक शांतनु जी महाराज रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले। नगर भ्रमण के दौरान आयोजकों, जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों द्वारा दोनों संतों का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के आयोजक रामजी परिहार एवं गरौठा विधायक जवाहरलाल राजपूत ने कथा अध्यक्ष एवं कथावाचक को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कलश यात्रा में लगभग 1100 से अधिक महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर सहभागिता निभाई। वहीं एक दर्जन से अधिक डीजे, ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे की भक्तिमय धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कलश यात्रा ने पूरे नगर का भ्रमण किया। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। पूरा कस्बा ह्लजय श्रीरामह्व के जयघोष से गूंज उठा और वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं के लिए स्वयंसेवकों की टीम तैनात रही, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर कथावाचक शांतनु जी महाराज ने कहा कि श्रीराम कथा मानव जीवन को मयार्दा, सत्य, करुणा और धर्म का संदेश देती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। वहीं कथा अध्यक्ष वैदेही बल्लभ जी ने इस आयोजन को समाज में धर्म, संस्कार एवं सद्भाव को मजबूत करने वाला बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संत-महात्मा, गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। आगामी दिनों में श्रीराम कथा के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा, जिसे लेकर नगरवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

# बीकेकेएमएस ककरी के हस्तक्षेप के बाद नेत्र विभाग में व्यवस्था सुधार की दिशा में बड़ा कदम

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, जयंत के नेत्र विज्ञान विभाग में मोतियाबिंद ऑपरेशन से संबंधित लेंस उपलब्धता को लेकर लंबे समय से उठ रहे सवालों के बाद एन.सी.एल. प्रबंधन द्वारा डग्री डश्रीं१ जारी किया जाना बीकेकेएमएस (बी.एम.एस.) संगठन की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। बीकेकेएमएस संगठन के ककरी सचिव पवन कुमार शर्मा द्वारा नेत्र विभाग में लेंस की अनुपलब्धता, रोगियों की परेशानियों और संभावित अनियमितताओं को लेकर एन.सी.एल. प्रबंधन को पत्र लिखकर हस्तक्षेप किया गया था। इसके पश्चात प्रबंधन द्वारा जारी आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि यदि चिकित्सालय स्टोर में इंट्राऑक्युलर लेंस उपलब्ध नहीं हैं, तो की अनुमति दी जाएगी, जिससे दरों के अनुसार रोगियों को प्रतिपूर्ति की सुविधा मिल सके और उन्हें आर्थिक बोझ न उठाना पड़े। संगठन का कहना है कि यह आदेश इस बात की स्वीकारोक्ति है कि लेंस की उपलब्धता को लेकर वास्तविक समस्याएँ मौजूद थीं और उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता था। यह निर्णय सीधे तौर पर कर्मचारियों, उनके आश्रितों और आम नागरिकों के हित में है, जो लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे थे। बीकेकेएमएस ककरी के सचिव ने कहा कि यह संगठनात्मक संघर्ष की जीत है, लेकिन इसे अंतिम समाधान नहीं माना जाना चाहिए। संगठन यह सुनिश्चित करने के लिए सतत निगरानी करेगा कि इस व्यवस्था का कोई दुरुपयोग न हो और भविष्य में चिकित्सालय में मानक गुणवत्ता के लेंस नियमित रूप से उपलब्ध कराए जाएँ। संगठन ने प्रबंधन से अपेक्षा जताई है कि यह कदम आगे चलकर नेत्र विभाग में पारदर्शिता, जवाबदेही और रोगी-हित को प्राथमिकता देने वाली स्थायी व्यवस्था की नींव बनेगा।

# दो दिवसीय बाल पुस्तक मेले का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। नगर पालिका रावर्टसगंज डायट परिसर उरमौरा मे दो दिवसीय बाल पुस्तक मेला का आयोजन किया। इस मेले में मुख्य अतिथि के रूप मे मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बाल पुस्तक मेला में रावर्टसगंज ब्लॉक के 120 सरकारी स्कूल के 1000 बच्चो ने भाग लिया। मंच के माध्यम से बच्चों ने एक अच्छा हुनर दिखाया। इस बाल पुस्तक मेला मे स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगया गया था। जिससे स्वयं सहायता समूह कि महीलाओं ने इस प्रदर्शनी में अपनी हुनर को प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाई और स्वदेशी उत्पादों को स्वयं सहायता की महिलाएं बढ़ावा दे रही है। ताकि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का निर्मित उत्पादों को पूरे भारत देश में स्वदेशी उत्पादों का बिक्री हो ताकि स्वयं सहायता समुह द्वारा महिलाओं को एक नया रोजगार मिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने कई प्रकार के अचार और कपड़े के डिजाइनिंग, नमकीन बर्तन धोने का लिक्विड और साबुन और अनेकों प्रकार के समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शनी के माध्यम से बिक्री किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि हमारी शासकीय विद्यालय के बच्चे, प्राथमिक विद्यालय, अपर प्राथमिक विद्यालय के बच्चे हैं प्रयास था कि उनको डिस्पोजल दिया जाए। क्योंकि वार्षिक उत्सव बड़े स्केल पर भव्य रूप से मनाया जाता है। क्योंकि कल बसंत पंचमी का दिन है उसके एक दिन पहले वार्षिक उत्सव बाल पुस्तक मेले का आयोजन रखा गया है। पार्टनरी में सीएसार, सीएसएम फाउंडेशन द्वारा बच्चों को किताबें दी गई 10-10 बच्चों की टेबल बनाए गए। बच्चों को पढ़ने लायक किताबें दी गई। बच्चों ने मंच पर बुलाकर किताबो कि कहानी भी पढ़ाया गया। बच्चों ने बहुत अच्छा मंच पर परफॉर्मेंस किया। इस मेले में स्वामी विवेकानंद जी का पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम जी कल्पना चावला जी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी, सरदार पटेल जी के कटआउट लगाया गया।

# तिरनाही में अंबेडकर पार्क की भूमि को सुरक्षित करने तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर किया गया प्रदर्शन

**पूर्व में दिए गए पत्र पर जिलाधिकारी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया और बड़े स्तर पर आंदोलन करने की चेतावनी दिया।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र, गुरुवार को भाकपा, माकपा, माले, आजाद समाज पार्टी, भीम आर्मी, राष्ट्रीय पिछड़ा मोर्चा व गोंगपा के कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से ग्राम तिरनाही (पकरी) के अंबेडकर पार्क की भूमि पर प्लाटरों द्वारा राबर्ट्सगंज तहसीलदार की मिली भगत से व्यक्तिगत लाभ के उद्देश्य से किए जा रहे सड़क निर्माण को रोकने को लेकर मुख्य मार्ग से जूलूस निकालकर जिलाधिकारी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। जहां वक्ताओं ने कहा कि ग्राम तिरनाही (पकरी ) परगना बड़हर तहसील राबर्ट्सगंज जिला सोनभद्र के आराजी संख्या- 40 रकबा 0.1260 हे० भूमि श्रेणी- 6(2) खाता अम्बेडकर पार्क के नाम से दर्ज है उक्त भूमि के बगल में पीछे की तरफ आराजी सं० 90 स्थित है जिस पर कुछ अज्ञात प्लाटरों द्वारा प्लाटिंग किया गया है जिस प्लाट पर जाने हेतु आराजी संख्या-40 के सामने से सड़क आगे से जाकर बना हुआ है परन्तु उक्त प्लाटरों द्वारा आराजी संख्या 40 रकबा 0.1260 हे0 जो श्रेणी-8 (2) अम्बेडकर पार्क खाते में दर्ज भूमि है. से सीधा प्लाट पर लें जाने के लिए अवैध सड़क निर्माण के प्रयास में लगे हुए है। पूर्व में कुछ हिस्सों पर कुछ प्लाटरों द्वारा मि ?ट्टी इत्यादि डाल दिया गया था जिस पर ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर कार्य रोक दिया गया था परन्तु उक्त प्लाटरों द्वारा सदर तहसील के तहसीलदार अमित सिंह द्वारा मिली भगत करके पुनः अवैध सड़क का निर्माण प्लाटरों द्वारा कराया जा रहा है ग्रामीणों तथा राजनैतिक दलों के विरोध पर सदर तहसीदार द्वारा धमकी दिया जा रहा है.. यह कि ..देखते हैं इस सड़क को कौन रोकेगा, हम खड़े हो कर इस सड़क को बनवाएंगे । तहसीलदार के इस बर्ताव से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। इस प्रकरण को लेकर जिलाधिकारी को विगत सप्ताह दिनांक 14.01.2026 को लिखित रूप पत्र दिया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे तिरनाही के उक्त प्लाटरों (प्रापर्टी डीलरों) का हौसला बुलंद हो रहा है , गांव में कभी भी अशांति का माहौल पैदा हो सकता है तिरनाही में शांति कायम रहे किसी प्रकार कोई तनाव न व्याप्त हो और अंबेडकर पार्क सुरक्षित रहे इस उद्देश्य से हम विभिन्न राजनैतिक दलों के लोग निम्न बिंदुओं पर तत्काल सकारात्मक कार्रवाई की मांग व्यक्त करते हैं।

1 ग्राम तिरनाही परगना बड़हर तहसील राबट्र्सगंज जिला सोनभद्र की आराजी नं० 40 रकबा 0.1260हे० भूमि जो अम्बेडकर पार्क नाम से खाता खतौनी में दर्ज है. को घेराव करके सौन्दर्गीकरण एवं संरक्षित किया जाय।

2 सदर तहसीलदार राबट्र्सगंज सोनभद्र एवं उक्त प्लाटरों के विरूद्ध जाँच कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही किया जाय।

3 सोनभद्र में सभी अंबेडकर पार्क, भूमि और महापुरुषों के स्थलों व प्रतिमाओं को सुरक्षित किया जाए।

नेताओ ने कहा समुचित समय के अंदर जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही नहीं होती है तो हम सभी दलों के लोग सड़कों पर उतर कर बड़े पैमाने पर आंदोलन करने को तैयार हैं, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# गांव चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं पर हुई चर्चा

अमन लेखनी समाचार






गरौठा। विकासखंड बामौर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत ठर्रो में शुक्रवार को ग्राम प्रधान पुष्पेंद्र सिंह की अध्यक्षता में गांव चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें पेयजल, सड़क, बिजली, आवास, पेंशन एवं राशन कार्ड से संबंधित शिकायतें प्रमुख रहीं। चौपाल में उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। ग्राम प्रधान पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप गांव स्तर पर ही समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। चौपाल के दौरान पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा अपात्र लोगों को लाभ न लेने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने और विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान पुष्पेंद्र सिंह, पंचायत सचिव विनीत विश्वकर्मा, टीए हरिशंकर अनुरागी, पंचायत सहायक कपिल सिंह सहित रमेश सिंह, जगपाल सिंह, रामदयाल पाल, मुन्ना सिंह, गंगाराम, सूरज अहिरवार, भरोसे, सौरभ, विनय प्रताप आदि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर 23 जनवरी को ब्लैकआउट मॉकड्रिल, तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। आगामी 23 जनवरी 2026 को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली ब्लैकआउट मॉकड्रिल के सफल आयोजन को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में टेबल टॉक एक्सरसाइज बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी नगर अंजनी कुमार ने की। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नगर ने मॉकड्रिल को प्रभावी एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम एवं लोक निर्माण विभाग को मॉकड्रिल स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मॉकड्रिल के दौरान बिजली व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, साफ-सफाई, यातायात एवं अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी न रहे, ताकि अभ्यास का उद्देश्य पूरी तरह से सफल हो सके। बताया गया कि यह ब्लैकआउट मॉकड्रिल 23 जनवरी 2026 को महंत दिग्विजय नाथ पार्क में आयोजित की जाएगी। मॉकड्रिल के माध्यम से आपदा प्रबंधन से जुड़े विभागों की तैयारियों की परख की जाएगी तथा आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया की क्षमता को और मजबूत किया जाएगा। बैठक में मॉकड्रिल से संबंधित विभिन्न सहभागी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह अभ्यास जनहित एवं सुरक्षा के दृष्टिगत किया जा रहा है, जिसमें सभी विभागों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**
**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. - 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



हर देश का अपना एक राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज होता है। साथ में राष्ट्रगीत और कुछ राष्ट्रीय प्रतीक भी होते हैं। इसके साथ राष्ट्रीय पशु-पक्षी और फूल भी होते हैं। इन सबके बारे में नंदन को उसकी दीदी, मां-पिता और टीचर ने विस्तार से जानकारी दी। इनके बारे में जानकर नंदन को अपने देश पर बड़ा गर्व महसूस हुआ। बच्चो, तुम भी जानो इन सबके बारे में।

# देश की शान-पहचान हमारे राष्ट्रीय प्रतीक



ज्ञान वार्ता

विमला भंडारी

नंदन को स्कूल से पुस्तकें मिली थीं। वह बिस्तर पर लेटा हुआ उन्हें उलट-पुलट कर देख रहा था। पुस्तक के अंतिम पृष्ठ पर लिखी पंक्तियां वह गुनगुनाने लगा, 'जन-गण-मन अधिनायक जय हे भारत भाग्य विधाता...।'

**राष्ट्रगान का करो सम्मानः** नंदन के कमरे के सामने से गुजरती दीदी ने जब अपने छोटे भाई को लेटे-लेटे राष्ट्रगान गाते सुना तो उन्होंने टोका, 'नंदन, यह क्या? राष्ट्रगान को इस तरह लेटकर नहीं गाया जाता।' 'क्यों



दीदी?' नंदन ने उठकर बैठते हुए उत्सुकतापूर्वक दीदी से पूछा। 'अरे, तुम्हें इतना भी नहीं पता! राष्ट्रगान को हमेशा सावधान की मुद्रा में खड़े होकर खुले आसमान के नीचे राष्ट्रध्वज के सामने गाया जाता है।' दीदी ने बताया। 'अगर लेटकर, बैठकर या चलते हुए गाएं तो दीदी?' नंदन ने आगे पूछा। 'नहीं, इससे हमारे राष्ट्रगान का अपमान होता है। राष्ट्रगान का सम्मान करना हमारे देश प्रेम की भावना को प्रकट करता है। अब कभी-भी कहीं भी चलते या बैठे हुए तुम्हारे कानों में यदि राष्ट्रगान की धुन भी सुनाई पड़ जाए, तो तुरंत वहीं ठहरकर सावधान की मुद्रा में खड़े हो जाना। फिर गान की समाप्ति पर श्रद्धा से शीश झुका देना, यह तुम्हारा मातृभूमि को किया गया नमन होगा।' दीदी ने नयन को समझाया।



'ओह दीदी! अनजाने में कितनी बड़ी गलती कर बैठा मैं।' नयन ने अपने माथे पर हाथ रखते हुए कहा। 'अच्छा नंदन, अब मैं चलती हूं। आज शाम को मैं तुम्हें राष्ट्रीय चिन्हों से संबंधित बातें बताऊंगी। अभी मुझे अपने स्कूल जाना है। तुम तो देर से निकलोगे, क्योंकि तुम्हारा स्कूल तो पास में ही है।' दीदी ने अपना बैग समेटते हुए कहा और नंदन को 'बाय' करके अपने स्कूल चली गईं।

**जानो अपने राष्ट्रीय चिन्हः** दीदी की बातें सुनकर नंदन की उत्सुकता बढ़ गई थी। वह दौड़ा-दौड़ा मां के पास आकर बोला, 'मां-मां, मुझे राष्ट्रीय चिन्हों के बारे में बताओ न!'

'अभी बताती हूं, पहले मेरे पर्स से एक नोट लेकर आओ।' मां बोलीं। नंदन ने मां को एक नोट लाकर दिया। मां बताने लगीं, 'यह देखो नंदन, हमारा राष्ट्रीय चिन्ह जो कि वाराणसी के पास सारनाथ में सम्राट अशोक द्वारा बनाए गए 'सिंह स्तंभ' से लिया गया है। और ये देखो, नीचे की इस चौरस पट्टी के बीच एक चक्र बना हुआ है, जिसके दाईं ओर सांड और बाईं ओर घोड़े का चित्र बना हुआ है। बीच में देखो, 'सत्यमेव जयते' लिखा हुआ है, जो हमारे राष्ट्र का आदर्श वाक्य भी है। 'सत्यमेव जयते' का अर्थ है-सत्य की हमेशा विजय होती है। यही चक्र तुम तिरंगे झंडे में भी देखते हो...।' मां ने बताया।


**तीन रंगों वाला हमारा राष्ट्रीय ध्वजः** बात जब तिरंगे झंडे की आई तो नंदन झट से बोला, 'हां मां, झंडे के तीनों रंग मुझे मालूम हैं। सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद और नीचे हरा।'

'हां, राष्ट्रीय ध्वज की सफेद पट्टी पर नीले रंग का यह चक्र बना हुआ है। जिसे अशोक चक्र कहते हैं। यह हमारी प्रगति का सूचक है। तिरंगे के सभी रंग अपने अंदर संदेश समाहित किए हुए हैं।' तभी पापा ने उसे अपने पास बुलाया, 'इधर आओ नंदन, मैं तुम्हें बताता हूं।' पापा ने नंदन को अपने बगल में बैठाया और बोले, 'झंडे के ऊपर का केसरिया रंग हमारी वीरता का प्रतीक है। यह रंग हमें संदेश देता है कि हम हमारे वीरों



की भांति अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। सफेद रंग शांति का प्रतीक है, जो विश्व में शांति का संदेश देता है। हरा रंग हमारी समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है।' नंदन ने अपने पापा की सारी बातें बहुत ध्यान से सुनीं। उसके स्कूल जाने का समय हो चुका था, तैयार होकर वह स्कूल के लिए निकल पड़ा।

**राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के रचयिताः** नंदन स्कूल आया तो वहां प्रार्थना के बाद राष्ट्रगान गाया गया। अपनी क्लास में पहुंचकर नंदन सभी बच्चों को राष्ट्रीय चिन्ह और ध्वज के बारे में बताने लगा। इतने में क्लास टीचर ने प्रवेश किया। उन्होंने अंदर आते समय नंदन की कुछ बातें सुन ली थीं। सभी बच्चों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। 'अच्छा बच्चो, क्या तुम बता सकते हो कि हमारे राष्ट्रगान के रचयिता कौन थे?' क्लास टीचर के इस प्रश्न पर पूरी कक्षा मौन हो गई। टीचर ने बताया, 'रवींद्रनाथ टैगोर, राष्ट्रगान के रचयिता थे। उन्होंने यह गीत 1912 में लिखा तथा इसे राष्ट्रगान के रूप में 24 जनवरी 1950 को स्वीकार किया गया। इसी तरह बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित गीत 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रीय गीत के रूप में मान्यता मिली है।'



अपने राष्ट्र के महत्व की इतनी सारी रोचक और महत्वपूर्ण जानकारी पाकर नंदन, बहुत खुश और गौरवान्वित महसूस कर रहा था। *

## राष्ट्रीय पक्षी, पशु और फूल

घर आने के बाद नंदन दीदी के स्कूल से लौटने का इंतजार करने लगा। वह सोच रहा था कि आज मालूम पड़ी सारी नई जानकारियां बताकर दीदी को चौंका देगा। लेकिन हुआ इसका उल्टा। जब दीदी ने उससे राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय पशु और राष्ट्रीय फूल के बारे में पूछा तो वह नहीं बता पाया। अभी इनके बारे में तो जानना बाकी ही था! दीदी ने नंदन को बड़े प्यार से बताया कि अपना राष्ट्रीय पक्षी मोर, राष्ट्रीय पशु बाघ और राष्ट्रीय फूल कमल है।







कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## धम्मक-धम्मक-धम



आई है छब्बीस जनवरी,  
खुशियों का आलम।  
लहर रहा हर ओर तिरंगा,  
फहर रहा परचम।  
धम्मक-धम्मक-धम।  
धम्मक-धम्मक-धम।  
संविधान की रक्षा की,  
खाते हैं आज कसम।  
'जन-गण-मन' के साथ गा रहे,  
'वंदे मातरम्' हम।  
धम्मक-धम्मक-धम।  
धम्मक-धम्मक-धम।  
देश हमारा दिन-दिन विकसित,  
करें सभी परिश्रम।  
शांति-अहिंसा वाला मौसम,  
बना रहे हरदम।  
धम्मक-धम्मक-धम।  
धम्मक-धम्मक-धम।

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## गाओ वंदे मातरम्



गाओ वंदे मातरम्  
गाओ वंदे मातरम्।  
राष्ट्रगीत के बोल निराले।  
मन में ओज जगाने वाले।  
मनभावन लय स्वर सरगम।  
गाओ वंदे मातरम्।  
जननी जन्मभूमि की जय हो।  
जग में यश अनंत अक्षय हो।  
सुखदाई शुभ सुंदरम्।  
गाओ वंदे मातरम्।  
आओ मिलकर कदम बढ़ाएं।  
भारत माता का यश गाएं।  
ध्वज निर्भय फहराएं हम।  
गाओ वंदे मातरम्।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## देशभक्ति बाल कविताएं



बच्चो, हाल में छपकर आई 'हम हैं सैनिक भारत के' किताब में 101 देशभक्ति की भावना से भरी हुई कविताएं संकलित हैं। इसके रचनाकार डॉ. वेद मित्र शुक्ल हैं। इस किताब में ज्यादातर कविताएं, भारत के वीर सैनिकों, स्वाधीनता सेनानियों और भारतीय सेना के अदम्य साहस पर लिखी गई हैं। पहले खंड में तुम उन परमवीर चक्र विजेता सैनिकों के बारे में कविताएं पढ़ सकते हो, जिन्होंने अलग-अलग युद्धों में अदम्य वीरता का परिचय दिया। इनके अलावा वीर सेनानी महापुरुष, भारत की सेनाएं, राष्ट्रीय पर्व, प्रयाण गीत समेत कुछ अन्य खंडों में भी ओज से भरी अनेक देशभक्ति की कविताएं पढ़ सकते हो। बच्चो, इस किताब में संकलित देशप्रेम में रंगी इन प्यारी-प्यारी कविताओं को पढ़कर निश्चित ही तुम्हारे मन में देशभक्ति की भावना का संचार होगा। तुम भी अपने देश के विकास और उसकी सुरक्षा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित होगे। *

**किताब**: हम हैं सैनिक भारत के (बाल कविताएं), **लेखक**: डॉ. वेद मित्र शुक्ल, **मूल्य**: 395 रुपए, **प्रकाशक**: सर्वभाषा प्रकाशन, नई दिल्ली

## बूझो तो जानें



1  
वर्ष के प्रथम माह में आती,  
धूमधाम से मनाई जाती,  
लागू हुआ इस दिन संविधान,  
बढ़ाया हमारा मान-सम्मान।



2  
तिरंगे की जो शोभा बढ़ाए,  
गतिशीलता का प्रतीक बन जाए,  
चौबीस तीलियां जिसमें समाए,  
बताओ बच्चो, वह क्या कहलाए।

3  
एक रंग है साहस का,  
दूजा शांति का कहलाता,  
तीजा रंग है उर्वरता का,  
देश की शान है माना जाता।

-नलिन खोईवाल

उत्तर : 1. 26 जनवरी, 2. अशोक चक्र, 3. तिरंगे के तीन रंग केसरिया, सफेद और हरा

## जीके क्विज-189



1. इस साल गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कौन होंगे?
2. इस वर्ष कौन-सा गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है?
3. आज भारत के किस महान स्वाधीनता सेनानी की जयंती है?
4. भारतीय सेना दिवस कब मनाया जाता है?
5. हाल ही में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व किस राज्य में मनाया गया?
6. भारत का संविधान किस वर्ष लागू हुआ था?
7. भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष कौन थे?
8. भारतीय संविधान में कितने मूल अधिकार शामिल हैं?
9. संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
10. राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' किसने लिखा था?



बच्चो, जीके क्विज-189 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।

**जीके क्विज-188 का उत्तर :** 1.उत्तर प्रदेश, 2.सोजर्ड मारिजने, 3.जस्टिस सूर्यकांत, 4.दिल्ली, 5.अल्बर्ट आइंस्टाईन, 6.अमेजन वर्षा वन, 7.महाराष्ट्र, 8.जम्मू कश्मीर, 9.सहारा, 10.जवाहरलाल नेहरू

**जीके क्विज-188 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, शुभम-दुर्ग, गुंजा-रायपुर, सचिन-बिलासपुर, हर्ष-रोहतक, रचित-बिलासपुर, काव्या-बेमेतरा, सूरज-रायगढ़, किंशुक-महासमुंद, प्राची-बालोद

कहानी

डॉ. अलका जैन 'आराधना'

हर बार बड़े उत्साह से वसंत पंचमी का उत्सव मनाने वाले सोहम का इस बार मन सही नहीं था। असल में उसके पास पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं थी। दोस्तों को जब यह बात पता चली तो उन्होंने सोहम को पीले रंग की छटा से ऐसा सजाया कि वह वसंत राजा बन गया। वासंती रंग में रंगी दोस्तों की एक प्यारी-सी कहानी।

## वसंत राजा



हर साल वसंत पंचमी उत्सव में सबसे आगे रहने वाला सोहम इस बार शांत था। कॉलोनी के पार्क में बच्चे वसंत उत्सव की तैयारी में लगे थे। वे रंग-बिरंगे रिबन, पीले फूलों की झालरें लगा रहे थे, लेकिन सोहम के भीतर कोई उमंग-उत्साह नहीं दिख रहा था। यह देखकर आयुष ने पूछा, 'अरे सोहम, वसंत पंचमी का त्योहार है और तुम ऐसे उदास क्यों हो?'

सोहम नजरें झुकाते हुए बोला, 'ऐसा कुछ नहीं है, बस यूं ही शांत हूं।'

सारा तुरंत बोली, 'ऐसा कुछ नहीं क्या..? तुम तो वसंत पंचमी उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हो। याद है, पिछले साल तुमने सबसे बड़ी रंग-बिरंगी पूंछ वाली पतंग उड़ाई थी।' सोहम धीरे से बोला, 'इस बार मन नहीं है।' लेकिन ऐसा क्यों, उसने दोस्तों को इसकी वजह नहीं बताई।

कुछ देर बाद दोपहर में सजे पार्क में सब बच्चे नई पीली ड्रेस पहनकर चहक रहे थे। कियारा दोस्तों के बीच उछलते हुए आई और बोली, 'मुझे देखो, मेरी मम्मी ने मेरे लिए सरसों के फूल जैसी कितनी प्यारी-सी फ्रॉक बनाई है।'

अनंत हंसते हुए बोला, 'और मेरा कुर्ता भी देखो, मैं चलता हूं तो लगता है हवा लहरा रही है।' सब बच्चे खुश तो थे, लेकिन अपने बीच सोहम के ना होने की कमी उन्हें अखर रही थी। आयुष से ना रहा गया, बोला, 'कुछ गड़बड़ है। हमें पता लगाना चाहिए, सोहम आज वसंत उत्सव में आखिर क्यों नहीं शामिल हुआ?'

सारा भी बोली, 'हां, सोहम के बिना वसंत पंचमी का उत्सव फीका लग रहा है।'

कियारा बोली, 'चलो, उसके घर चलते हैं। जानते हैं कि वह वसंत उत्सव में क्यों नहीं आया?' तीनों सोहम के घर पहुंचे।

सोहम दोस्तों को देखकर चौंका, 'अरे, तुम लोग यहां!' आयुष ने आगे बढ़कर सोहम के कंधे पर हाथ रखा और प्यार से पूछा, 'सच-सच बताओ दोस्त, तुम वसंत उत्सव कार्यक्रम में क्यों नहीं आए?'

सोहम थोड़ा रुका, फिर धीमी आवाज में बोला, 'मेरे पास वसंत उत्सव में पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं है। इस महीने घर में बहुत ज्यादा खर्चा था, इस वजह से मम्मी-पापा ड्रेस खरीद नहीं पाए। पुरानी ड्रेस तो छोटी हो गई है। सब लोगों ने तो इतनी सुंदर-सुंदर पीली ड्रेस पहन रखी हैं। मैं अकेला पुरानी ड्रेस में बुरा लगूंगा, इसलिए नहीं आया।' सारा ने अपनी आंखें गोल-गोल घुमाईं और बोली, 'बस इतना सा कारण। अरे! तो हम लोग किसलिए हैं?'

अनंत मुस्कुराया, 'मिशन पीला सोहम शुरू!' सबसे पहले आयुष घर जाकर अपने पापा की पुरानी पीली टी-शर्ट लेकर आया। उसने पूछा, 'ये कैसी है?'

सोहम ने टी-शर्ट देखते ही कहा, 'अरे! यह तो मेरे घुटनों तक आएगी!'

सब हंसने लगे। तभी कियारा भी अपने घर भागी और अपने भाई की पीली जैकेट लेकर आई। सोहम को देकर बोली, 'यह पहन लो।' सोहम ने जैकेट पहनी। जैकेट की चेन बीच में फंस गई। सोहम बोला, 'इसके अंदर तो मेरी सांसें बंद हो जाएंगी।'

अनंत बोला, 'रुको, मेरे पास आइडिया है।' यह कहते हुए वह बहुत तेजी से अपने घर की ओर भागा और पीले रिबन, पीला चार्ट पेपर, ग्लिटर और स्टार स्टिकर्स लेकर लौटा। सारा उछल पड़ी, 'वाह! अब हम स्वयं बनाएंगे वसंत राजा सोहम की वसंत पंचमी ड्रेस। सबसे यूनिक ड्रेस होगी यह।'

कॉलोनी के पार्क की बेंच पर बैठकर बच्चों ने ड्रेस डिजाइनिंग शुरू की।

अनंत ने पीले-पीले रिबन काट-काटकर उसके कंधों पर लगाए। कियारा ने उसके सीने पर एक सूरजमुखी के शेप का ब्रोच भी लगा दिया।

सारा ने ग्लिटर से लिखा-वसंत राजा। सोहम ने जब अपनी नई ग्लिटरी थोड़ी टेढ़ी और चमकदार ड्रेस पहनी तो वह आश्चर्यचकित रह गया, बोला, 'सच में क्या मैं वसंत राजा लग रहा हूं?'

आयुष बोला, 'अरे, तुम राजा क्या चलती-फिरती वसंत की बहार हो!'

सब खिलखिला कर हंस पड़े।

वसंत पंचमी कार्यक्रम शुरू हुआ। मंच पर ड्रेस शो के लिए बच्चों को बुलाया जाने लगा। एनाउंसर ने एनाउंस किया, 'और अब आ रहा है हमारा वसंत का राजा!'

स्पॉटलाइट जैसे ही सोहम पर पड़ी लोग उछल पड़े। कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंज उठा। एक अंकल बोले, 'इतनी क्रिएटिव ड्रेस डिजाइनिंग किसने की है?'

आयुष, सारा, अनंत और कियारा एक साथ बोले, 'हमने!' फिर सोहम ने माइक पर आकर बताया, 'मेरे दोस्तों ने मुझे अहसास कराया कि त्योहार पर दोस्त साथ हों तो कभी कोई फीका नहीं पड़ सकता। खुशियों से खिल उठता है।'

इसी बीच जजेस ने ऐलान किया, 'वसंत पंचमी की बेस्ट ड्रेस का पुरस्कार सोहम को मिलेगा।'

पूरा कार्यक्रम स्थल एक बार फिर तालियों से गूंज उठा। बच्चे भी खुशी से नाच उठे। *

कविता

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'




## लो, वसंत की ऋतु आई है!

लगे परी-सी धरती रानी,  
देख इसे होती हैरानी।  
निखर उठी है अजब छटा से  
आज अनोखी प्रकृति सुहानी।  
पेड़ झूमते हैं मस्ती में,  
डाली-डाली बौराई है।  
लो वसंत की ऋतु आई है।  
फूलों से लद गए बगीचे,  
भौंरे फिरते आंखें मींचे।  
यों लगता है जैसे अंबर,  
भू पर भर-भर खुशी उलीचे।  
शहद सरीखे इस मौसम का  
रंग-ढंग सब सुखदाई है।  
लो, वसंत की ऋतु आई है।  
नाच रही गेहूं की बाली,  
झूम रही सरसों मतवाली।  
देख नजारा पौध चने के  
हंस-हंस बजा रहे हैं ताली।  
कोयलिया का गीत, हवा की  
सरगम सबके मन भाई है।  
लो वसंत की ऋतु आई है।

## रंग भरो-194

रंग भरो-194 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रशिका, जांजगीर



समृद्धि, शहडोल



धरा, रायपुर



पयोधि, अंबिकापुर



ओविया, बिलासपुर



प्रमाण, बालोद

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमि-अटेली मंडी, अमोल-बेमेतरा, आशना-जांजगीर, चेतन-दुर्ग, दिशांत-महेंद्रगढ़, कल्पित-बालोद, कुहू-बिलासपुर, रेयांश-बिलासपुर, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सोहम-रोहतक, हर्षिता-कोरबा

## रंग भरो 195



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे रिपब्लिक-डे के अवसर पर हमारे नेशनल फ्लैग को सैल्यूट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।